# लालबर्रा के खारी में अयोजित चंगाई सभा में धर्मांतरण का आरोप

## प्रलोभन देकर हिन्दुओं का धर्मांतरण कराने की कोशिश का विहिप ने लगाया आरोप, चंगाई सभा रद्द करने की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। ईसाई मिशनरी द्वारा लालबर्रा के ग्राम खारी में दो दिवसीय चंगाई सभा का आयोजन किया गया है 19 से 20 मार्च तक होने वाले आयोजन के शुरू होने के पूर्व ही,यह आयोजन विवादों से जुड़ गया है। जहां इस आयोजन को अब धर्मांतरण के विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। जहां विश्व हिंदू परिषद और स्थानीय ग्रामीणों ने चंगाई सभा के इस आयोजन को हिंदुओं का धर्मांतरण करने वाला आयोजन बताया है। जहां उन्होंने आयोजकों पर तरह-तरह के प्रलोभन देकर हिंदू धर्म के लोगों को इस आयोजन में शामिल होने और धर्मांतरण के लिए उन्हें आमंत्रित करने का आरोप लगाया है। जिस पर रोक लगाई जाने की मांग करते हुए स्थानीय ग्रामीणों के साथ विश्व हिंदू परिषद पदाधिकारियो सदस्यों ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम खारी में आयोजित चंगाई सभा की परमिशन को रद्द करने की मांग की है। वही शांति प्रिर्य तरीके से मांग पूरी न होने पर आक्रामक तरीके से इसका विरोध किए जाने की चेतावनी दी है।**



### धर्म मे शामिल करने दिया जा रहा प्रलोभन

बताया जा रहा है जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खारी में चंगाई सभा का 2 दिवसीय अयोजन किया गया है।जिसमे हिन्दु धर्म के कुछ युवाओं को ईसाई मिशनरी ने धर्म परिवर्तन का प्रलोभन और रोगो से मुक्ति का दावा कर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया।जिसकी जानकारी के बाद विहिप अध्यक्ष यज्ञेश लालु चावड़ा ने हिन्दुवादी संगठनों के पदाधिकारियों और लालबर्रा के खारी निवासी युवकों के साथ कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर धर्मांतरण को लेकर आयोजित चंगाई सभा को रद्ध किए जाने और धर्म परिवर्तन के लिए लोगों के घर-घर जाकर उन्हें भ्रमित करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

### हमे प्रलोभन देकर बुलाया जा रहा है- युवक

इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान ज्ञापन सौपने एसपी कार्यालय पहुंचे ग्राम खारी निवासी तपेश गौतम और शरद ने सँयुक्त रूप से बताया की कुछ लोग, उनके घर आए और उन्हें प्रलोभित करके और रोगों से मुक्ति का दावा करते हुए पर्चे दिए और उन्हें चंगाई सभा में पहुंचने का न्यौता दिया। उन्होंने बताया की वह धर्म परिवर्तन नहीं करना चाहते है।इसलिए इसकी शिकायत करने बालाघाट आए है।

### तो आक्रामक तरीके से करेंगे विरोध- यज्ञेश

वही ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान विश्व हिंदू परिषद संगठन अध्यक्ष यज्ञेश लालु चावड़ा ने बताया कि आगामी दो दिनो में ईसाई मिशनरी के आध्यात्मिक सत्संग समारोह के नाम से ईसाई मिशनरी लालबर्रा के खारी में चंगाई सभा करने जा रहे है। जिसमें प्रदेश के अनेक जिलो सहित दूसरे राज्यो से लोग आ रहे है। हमे जानकारी लगी है कि उन पर धर्म परिवर्तन के अपराध दर्ज है। जिसे देखते हुए चंगाई सभा को रद्ध किया जाए और मामले की जांच की जाए। उन्होंने आगे बताया कि हमें पता चला है कि जो लोग चंगाई सभा आयोजन के लिए आ रहे है उनके कार्यकर्ता घर-घर घूमकर लोगो को हिन्दु देवी-देवताओ के बारे में गलत तरीके से भ्रमित करने का काम किया जा रहा है। जिस पर रोक लगानी चाहिए।उन्होंने आगे बताया कि खारी में आयोजित चंगाई सभा को लेकर पूरा गांव खिलाफ में है। ऐसे में किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति घटित हो सकती है। जिसे देखते हुए शांतिपूर्ण तरीके से हिन्दुवादी संगठन चंगाई सभा का विरोध कर रहा है, और इस पर रोक नहीं लगी तो इसका पुरजोर व आक्रामक तरीके से विरोध किया जाएगा।

# आंगन में जल रहा चूल्हा और खुले में शौच को जा रहा परिवार

## अर्जुननाला का परिवार जिसे सरकारी योजना का नहीं मिला लाभ

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। अंतिम छोर तक विकास और अंत्योदय का दावा करने वाली भाजपा सरकार के राज में कटंगी शहर के अर्जुननाला में एक परिवार ऐसा है जो केन्द्र और राज्य सरकार की तमाम योजनाओं के लाभ से आज भी वंचित है. सरकारी स्कीम के नाम पर इस परिवार के पास मात्र राशन कार्ड है. जिससे परिवार को हर माह अनाज मिलता है. इसके अलावा परिवार को कोई भी सरकारी स्कीम का लाभ नहीं मिल पाया है. सरकार के तमाम दावों के बीच आर्थिक रूप से बेहद कमजोर पृथ्वी लाल पंचेश्वर का परिवार बदहाली का जीवन जीने को मजबूर है. पात्र होने के बावजूद पंचेश्वर परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है. पृथ्वीलाल की पत्नी भूमेश्वरी पंचेश्वर ने बताया कि परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर है. घर पर गैस सिलेण्डर नहीं है तो घर के बाहर चूल्हे में भोजन पकाना पड़ता है. शौचालय नहीं है इसलिए पूरा परिवार आज भी खुले में शौच के लिए जा रहा है. भूमेश्वरी पंचेश्वर बताती है कि कई बार नगर परिषद कटंगी कार्यालय में जाकर आवेदन किया लेकिन सिर्फ आश्वासन मिला. पंचेश्वर परिवार की आर्थिक हालात का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस परिवार की महिला का बैंक में खाता तक नहीं है. भूमेश्वरी पंचेश्वर बताती है कि पैसा ना होने के कारण खाता तक नहीं खुलवा पाए. जिस वजह से राज्य सरकार की लाड़ली बहना योजना का भी लाभ नहीं मिला। भाजपा के लिए यह कहना फरेब ही होगा कि उनकी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचा है. भाजपा के राज में अफसरशाही ने घर-घर जाकर नागरिकों को सुविधाएं मुहैया करवाई है और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विकसित भारत संकल्प यात्रा या फिर विकास यात्रा के जरिए हर घर जाकर इसका मूल्यांकन किया है कि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं. अगर वाकई में ऐसा होता तो अर्जुननाला का पंचेश्वर परिवार शायद इस तंगहाली में जीने को मजबूर ना होता. वैसे तो भाजपा सरकार का दावा है कि अंत्योदय के जरिए समाज के अंतिम छोर पर बैठे हुए व्यक्ति का भी विकास हुआ है लेकिन विकास की गंगा में पंचेश्वर परिवार कैसे छुट गया



यह कोई नहीं बता रहा है. समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास का दावा यहां कैसे पिछड़ गया. पंचेश्वर परिवार गांव के किसी कोने में नहीं बल्कि शहर के अर्जुननाला का है. बहरहाल, अब लोकसभा चुनाव के चलते आचार संहिता लग चुकी है इस बीच इस परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता तो मुश्किल है यानी अब चुनाव खत्म होने के बाद भी इस परिवार के लिए कोई विकल्प तलाशा जा सकता है।

# पठार संघर्ष समिति ने आंदोलन की दी चेतावनी

## निर्धारित समय से कई घंटे लेट चल रही ट्रेन

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। इतवारी से तिरोड़ी के बीच चलने वाले यात्री ट्रेन बीते कुछ महीनों से लगातार अपने निर्धारित समय से कई घंटे लेट चल रही है. जिस कारण दिया जाता है. जिस कारण तुमसर टाउन, मिटेवानी, चिचोली, गोबरवाही, डोंगरी बुर्जुग, महकेपार रोड़ और सुकली आने में करीब 03 से 04 घंटा विलंब लग जाता है. महकेपार स्टेशन में आने वाले रेल यात्रियों को यहां से ग्रामीण अंचलों तक जाने में काफी परेशानी होती है. चूकिं महकेपार स्टेशन गांव से बाहर स्थापित है और इस स्टेशन से पठार अंचल के आस-पास के करीब 12 गांवों की ग्रामीण जनता, स्कूली और कॉलेज के विद्यार्थी हर दिन ट्रेन से इतवारी, तुमसर आना-जाना करते है. रेल यात्रियों के मुताबिक सुबह तो ट्रेन अपने निर्धारित वक्त पर ही चलती है परंतु इतवारी से तिरोड़ी के लिए आने




रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. खासतौर से तिरोड़ी तहसील के पठार अंचल की जनता यानी की रेल यात्रियों को मुसीबतें झेलनी पड़ रही है. चौकानें वाली बात तो यह है कि रेल यात्रियों को इस बात की ठीक जानकारी भी नहीं दी जा रही है कि आखिर ट्रेन विलंब से किन कारणों की वजह से चल रही है. हालांकि पता चला है इतवारी से तुमसर के बीच रेल मार्ग पर एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ियों को वरियता दिए जाने की वजह से इतवारी से तिरोड़ी के बीच चलने वाली ट्रेन को रोका जा रहा है जिस कारण यह ट्रेन निर्धारित समय से कई घंटे लेट चल रही है. ट्रेन की लेटलतीफी को लेकर रेल यात्रियों को होने वाली असुविधा को गंभीरता से लेते हुए पठार संघर्ष समिति ने रेल अधिकारियों ने तत्काल सुधार की मांग की है और मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। गौरतलब हो कि इतवारी से तिरोड़ी के बीच चलने वाली यात्री ट्रेन तुमसर रोड़ जक्शन तक तो अपने निर्धारित समय पर ही पहुंचती है लेकिन तुमसर जक्शन से तिरोड़ी तक आने का 01 घंटे का रेल मार्ग तय करने से पहले ही इसे एक्सप्रेस ट्रेन और मालगाड़ियों को पहले निकालने के लिए रोक

वाली ट्रेन हर दिन करीब 3 से 04 घंटा विलंब से चल रही है. जिससे पठार अंचल की जनता को काफी दिक्कतें होती है। पठार संघर्ष समिति के संयोजक दीपक पुष्पतोड़े बताते है कि बीते कुछ महीने से ट्रेन आए दिन महकेपार स्टेशन में करीब 4 घंटा देरी से आ रही है जिस ट्रेन को दोपहर में करीब ढाई बजे के आस-पास महकेपार स्टेशन पहुंचना चाहिए. वह ट्रेन शाम के आठ बजे तक पहुंच रही है. ऐसे में रेल यात्रियों को महकेपार स्टेशन पहुंचने के बाद अपने-अपने गांव तक जाने में देर रात हो जाती है. जिन गांवों से यात्री आते है. वह जंगल से सटे हुए गांव है ऐसे में इन यात्रियों के साथ अनहोनी का खतरा भी बना रहता है।

### मतदान दलों का 6 दिनों का सघन प्रशिक्षण गुरुवार से 91 स्थानों पर 91 मास्टर ट्रेनर्स और 8 समन्वयक प्रशिक्षण कराएंगे

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान कराने वाले अमले का प्रशिक्षण का दौर 21 मार्च से प्रारम्भ होगा। प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एके उपाध्याय ने प्रशिक्षण शेड्यूल जारी कर दिया है। इस प्रशिक्षण की खासियत यह है कि चिन्हित जनपदों व नगरीय निकायों में एक साथ एक ही दिन यह प्रशिक्षण होगा। 21 से 23 मार्च फिर 27 से 29 मार्च तक 6 दिनों का प्रशिक्षण प्रातः 10:30 से शाम 5 बजे तक होगा। यह प्रशिक्षण जिले के 92 मास्टर ट्रेनर्स व 8 समन्वयकों द्वारा संपादित कराया जाएगा। प्रशिक्षण विभिन्न जनपदों व नगरीय निकायों में होगा। प्रशिक्षण में ईवीएम/वीवीपेड की हैंड्स ऑन प्रेक्टिस के साथ मॉक पोल प्रमाणपत्र बनाना, पीठासीन की डायरी भरना, मतपत्र लेखा तैयार करने के अलावा विभिन्न प्रकार के प्रपत्र लिफाफे, निर्वाचन सामग्री के साथ प्राप्त करना और निर्वाचन प्रक्रिया के नवीनतम निर्देशों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा प्रशिक्षण के पश्चात प्रतिदिन मतदान दलों के कर्मियों का फिडबैक भी लिया जायेगा। यह प्रशिक्षण पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक-1-2 और 3 के लिये आयोजित किया जा रहा है।

# दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों की मतदान में सहभागिता के लिए समितियॉ गठित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों की चुनाव प्रक्रिया में अधिकतम सहभागिता व साझेदारी के लिए समिति का गठन किया है। समिति दिव्यांग व वरिष्ठ नागरिकों को दी जा रही सुविधाओं व उपायों को कारगर बनाकर सुलभ बनाकर सुलभ चुनाव सम्पादित कराएंगे। ऐसी समितियॉ जिला स्तर के 7 अधिकारियों को शामिल कर बनायी गई है। जिसमें कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अध्यक्ष, सीईओ जिपं उपाध्यक्ष है। इसके अलावा अनुभाग स्तर पर एसडीएम अध्यक्ष और संबंधित जनपद सीईओ उपाध्यक्ष होंगे।

# निकेतन के महिला दिवस कार्यक्रम में राजस्थानी महिला मंडल ने किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। महिलाओं के प्रति सम्मान और महिलाओं के संघर्ष तथा उनकी मेहनत के महत्व को समझाने के लिए प्रतिवर्ष अंतरराष्टीय महिला दिवस पर नगर के सांस्कृतिक एवं साहित्यिक संस्था नूतन कला निकेतन द्वारा महिलाओं के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी आयोजित किए गए दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी सामाजिक महिला संगठनो की महिलाओं ने हिस्सा लिया और आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की। जिसमें राजस्थानी महिला मंडल ने भी सहभागिता कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।राजस्थानी महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने बताया कि नूतन कला निकेतन द्वारा आयोजित अंतर्राष्टीय महिला दिवस पर राजस्थानी महिला मंडल की महिलाओं ने भी हिस्सा लिय था। जिसमे सामाजिक महिलाओ ने आयोजित विभिन्न विद्याओं में अपनी सहभागिता की। जिसमें महिला मंडल को सम्मानित किया गया। जिसमें समाज की महिलाएं, आयोजित महिला खेल स्पर्धा में विजेता रही। वहीं राजस्थानी संस्कृति में महिला फैशन-शो और घूमर नृत्य में राजस्थानी महिला मंडल की प्रस्तुतियों को काफी सराहा गया। उन्होंने बताया कि राजस्थानी महिला मंडल, सामाजिक महिलाओं को समाज की संस्कृति और परिवेश में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। इस दौरान राजस्थानी महिला मंडल की अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष के साथ ही कार्यकारिणी सदस्य और समाज की महिलाओं की भूमिका सराहनीय रही।



## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश यादव पिता स्व. गणेश यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पंचायत मानपुर के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके बड़े पिता स्व. फदाली यादव का निधन १८.०८.२००० को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०४.०४.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**सुरेश उपाध्याय**
**नायब तहसीलदार**
**लालबर्रा**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश यादव पिता स्व. गणेश यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पंचायत मानपुर के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके बड़े पिता स्व. बाबूलाल यादव का निधन २२.०४.२००१ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०४.०४.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**सुरेश उपाध्याय**
**नायब तहसीलदार**
**लालबर्रा**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश यादव पिता स्व. गणेश यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पंचायत मानपुर के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके दादा स्व. भंगी यादव का निधन २०.०९.१९९९ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०४.०४.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**सुरेश उपाध्याय**
**नायब तहसीलदार**
**लालबर्रा**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश यादव पिता स्व. गणेश यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पंचायत मानपुर के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके दादा स्व. सरादु यादव का निधन ०३.०४.२००० को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०४.०४.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**सुरेश उपाध्याय**
**नायब तहसीलदार**
**लालबर्रा**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिनेश यादव पिता स्व. गणेश यादव जाति अहीर निवासी ग्राम पंचायत मानपुर के द्वारा कार्यालय तहसीलदार तहसील लालबर्रा जिला बालाघाट में आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि उनके दादा स्व. बरातू यादव का निधन १०.०२.१९९८ को हो चुका है और इनकी मृत्यु के उपरांत इन्हे मृत्यु प्रमाण पत्र तहसील कार्यालय से जारी किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे ०४.०४.२०२४ के पूर्व स्वयं या अपने अभिभाषक/अधिवक्ता सहित उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

**सुरेश उपाध्याय**
**नायब तहसीलदार**
**लालबर्रा**

लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# महज थोड़ी देर की बारिश ने खोली नपा की पोल

### वार्ड नं 10 में लोगो के घरों में घुसा पानी, जगह जगह देखा गया जल जमाव, लोगो में पनप रहा आक्रोश, नपा ने नही की पानी निकासी की व्यवस्था, दूसरे दिन आनन-फानन में बुलाई जेसीबी, निजी प्लाट खोदकर बनाई वैकल्पिक व्यवस्था

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। हर साल की तरह इस साल भी महज कुछ देर के लिए हुई बे-मौसम बारिश में नगर के निचले इलाकों में रहने वाले लोगो की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।जहां के नागरिक पानी निकासी की समस्या से सबसे ज्यादा परेशान देखे जा रहे हैं।जहां पानी निकासी की व्यवस्था न होने के चलते अक्सर थोड़ी देर की बारिश में ही नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों से होता हुआ लोगों के घरों में घुसने लगता है। जिसका एक नजारा रविवार की रात नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर में देखने को मिला।जहां कुछ देर के लिए आंधी तूफान के साथ हुई बे मौसम बारिश ने नगर के वार्ड नंबर 10 रजा नगर के निचले इलाकों में पानी भर गया तो वही नालियों की साफ सफाई न होने और पानी निकासी के उचित इंतजाम न होने के चलते नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों से बहता हुआ नजर आया तो वही पानी निकासी की व्यवस्था नहीं बनाए जाने के कारण वही गंदा पानी लोगों के घरों में घुस गया जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।कुछ देर के लिए हुई इस बारिश ने जहा एक ओर लोगों की परेशानी बढ़ा दी, तो वही इस बारिश ने नगर पालिका के विकास दावों की भी पोल खोल कर रख दी है।जहां नगर पालिका द्वारा पिछले दिनों वार्ड नंबर 10 में पानी निकासी की व्यवस्था बनाए जाने का दावा किया गया था।जहा नपा के सभी दावे एक बार फिर खोखले नजर आए।वही सुविधाओं के नाम पर करोड़ो रुपयो का टैक्स वसूल करने वाली नगर पालिका न तो पर्याप्त नालियों व नालों का निर्माण करा पा रही है और ना ही पूर्व में बनाए गए नालों व नालियों की साफ सफाई करा पा रही है जिसके चलते पूर्व की भांति वार्डवासियों में नपा के खिलाफ आक्रोश देखा जा रहा है जो बरसात के पूर्व जल जमाव की समस्या से मुक्ति दिलाने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था बनाए जाने की मांग कर रहे हैं।साथ ही साथ वार्डवासियों ने पक्की सड़क, पक्की नाली, और नालों का निर्माण कर पानी निकासी की व्यवस्था बनाए जाने की मांग कर रही हैं।

#### पार्षद सहित विधायक प्रतिनिधि ने दौरा कर बनाई वैकल्पिक व्यवस्था

उधर रात का पानी लोगों के घरों में घुसने की जानकारी मिलने पर सोमवार की सुबहा वार्ड नं 10 पार्षद नरगिस शेख, पड़ोसी वार्ड, नंबर चार के पार्षद प्रतिनिधि सोहेल खान और विधायक प्रतिनिधि शफ्फत खान ने मौके पर पहुंचकर स्थानीय वार्ड वासियों से चर्चा कर हालातो का जायजा लिया। जहां उन्होंने तुरंत नगर पालिका में फोन कर जेसीबी मंगाकर निजी प्लांट को काटकर पानी निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई हालांकि उनके द्वारा बनाई गई इस वैकल्पिक व्यवस्था को परमानेंट व्यवस्था में बदलने की मांग वार्ड वासियों द्वारा की गई है।

#### आश्वासन के भरोसे चल रहा नपा का काम

नगर के ऐसे कई इलाके हैं जिसमें हमेशा जलजमाव की स्थिति देखी जाती है बरसात के दिनों में कई घरों और मोहल्लों में पानी भरता है ऐसे जगहों को अब तक नगरपालिका चिन्हित नहीं कर पाई है और हर साल इन जगहों पर जलजमाव की स्थिति नजर आती है अब जनता भी सवाल पूछने लगी है कि आखिर नगर पालिका पानी निकासी की व्यवस्था बनाकर जलजमाव की इस मुसीबत से उन्हें कब छुटकारा दिलाएगी क्यो की बरसात के पहले हो या बारिश के बाद नपा का काम हमेशा आश्वासन पर चलता रहता है।जहा नपा पानी निकासी की व्यवस्था के नाम पर आश्वासन पर आश्वासन देती रहती है और सिर्फ कागजो में पानी निकासी का मैप तैयार कर,पानी निकासी की व्यवस्था करने का ढिढोरा पीटती रहती है।और हर साल नपा के दावों की



हकीकत बारिश होते ही दिखाई देने लगती है।

#### टैक्स भरने के बाद भी वार्डवासियों को नही मिल रही मूलभूत सुविधा

वार्डवासियों ने बताया कि पिछले कई दशकों से वार्ड नं 10 में जलजमाव की स्थिति देखी जा रही है पिछली बार तो वार्डवासियों से इसका जमकर विरोध भी किया था लेकिन कुछ नहीं हुआ। अब भी पहले की तरह पानी भर रहा है। ना तो नाली का निर्माण कराया गया ना ही पानी निकासी की व्यवस्था बनाई गई है। टैक्स भरने के बाद भी हमें सुविधा नहीं मिल रही है नगर पालिका ने यहां की नालियों को गहरी कर उसका। पक्का निर्माण कराना चाहिए लेकिन नगरपालिका को तो पूरा साल व्यवस्था बनाने में लग जाता है लेकिन कुछ भी कार्य नगर पालिका द्वारा नहीं किया जाता।

#### सिर्फ कागजो बना रहे पानी निकासी की व्यवस्था

वार्डवासियों बताया कि यह बारिश का पानी जमा होना बरसों पुरानी समस्या है करीब 30-35 वर्षों से जलजमाव की स्थिति देखी जा रही है कभी भी इस समस्या का हल नगर पालिका द्वारा नहीं निकाला गया है केवल कागजों में ही नगर पालिका ने पानी निकासी के इंतजाम किए हैं कई बार आश्वासन मिले पर जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हुआ ।यहां जलजमाव की स्थिति अक्सर नजर आती है इसमें प्रशासन की पूरी लापरवाही है क्योंकि उन्होंने जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं किया है और केवल आश्वासन पर आश्वासन देने का काम नगर पालिका द्वारा किया जा रहा है जलजमाव कि यह समस्या आजकल की नहीं है बल्कि पिछले कई वर्षों से बनी हुई है।

#### हर बार हमारे घर में घुसता है पानी - कुबरा बी

मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान स्थानीय वार्डवासी कुबरा बी ने बताया कि शाम को हुई थोड़ी सी बारिश में हमारे घर के भीतर पानी घुस गया है।यह काफी ज्यादा दिक्कत हो रही है यहां मकान के पीछे प्लाट बनाने वालों ने ऊंची भरन भर दी है जिसके चलते नाले का पानी हर बार हमारे घर में घुस रहा है। नाले को पक्का नहीं बना रहे हैं इसीलिए यह समस्या पूरे वार्ड में है हमारी मांग है कि नाले को पक्का बनाया जाए और पानी निकासी की व्यवस्था की जाए।

#### पक्के नाले का निर्माण कर स्थाई व्यवस्था की जाए- शहंशाह

वही मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान स्थानीय वार्डवासी तौसीफ खान उर्फ शहंशाह ने बताया कि पूरे शहर का पानी वार्ड नंबर 10 में उतरता है यहां पानी निकासी की व्यवस्था नहीं है जिसके चलते पानी लोगों के घरों में भर जाता है। थोड़ी सी बारिश होने पर हमारे घर में भी पानी घुसा है ।यहां पर एक खेत है वहां पानी जाता है लेकिन वहां आधा नाला बना हुआ है आधा नाला ही नहीं है इसीलिए पानी की निकासी नहीं हो पाती।कई बार नगर पालिका में बोल चुके हैं पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी मांग है कि पक्का नाला बनाकर वार्ड में नालियों का निर्माण कराया जाए और उसे नाले के माध्यम से वार्ड का पानी रेलवे नाले में कनेक्ट किया जाए ताकि इस समस्या का स्थाई समाधान निकल सके।

#### फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है- नरगिस शेख

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती नरगिस शेख ने बताया कि उनके वार्ड में नालियों की बहुत ज्यादा समस्या है वार्ड के लोग काफी परेशान हैं बीती रात हुई बारिश में लोगों के घरों में नालियों का पानी घुस गया है जिसके चलते यहां निजी प्लांट खोदकर अस्थाई नाला बनाकर पानी निकासी की व्यवस्था बना रहे हैं। नपा अध्यक्ष को भी मामले से अवगत करा दिया गया है उन्होंने जल्द ही व्यवस्था बनाने कहा है। हमारे वार्ड में कुछ जगह भूमि पूजन हो चुका है जिनका पक्का निर्माण कार्य शुरू जल्द किया जाएगा हमें उम्मीद है कि जल्द ही सभी समस्या का निराकरण होगा। हम वार्ड वासियों की यहां समस्या अध्यक्ष तक पहुंचाएंगे साथ ही जल्द ही स्थाई तौर पर इन समस्याओं का निराकरण किया जाने की मांग करेंगे।

#### हर बार व्यवस्था के नाम पर अस्थाई व्यवस्था बनाई जाती है- शफ्फत खान

वही इस पूरे मामले को लेकर की गई चर्चा के दौरान विधायक प्रतिनिधि शफ्फत खान ने बताया कि वार्ड नंबर 10 में पिछले कई वर्षों से पानी निकासी की समस्या बनी हुई है। यहां हर कोई समस्या का समाधान करने बोलते हैं पर इसका स्थाई तौर पर समाधान नहीं होता। यहां अस्थाई तौर पर हमेशा कार्य किया जाता है इसलिए थोड़ी सी बारिश होने पर भी लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। नगरपालिका ने इस ओर ध्यान देना चाहिए और समस्या का स्थाई समाधान करना चाहिए। यहां पर जो कॉलोनीनाइजर प्लाटिंग कर रहे हैं उन्होंने नाले की व्यवस्था बनानी चाहिए और पूरे वार्ड की छोटी बड़ी सभी नालियों को उससे कनेक्ट कर नाले के माध्यम से पानी बाहर निकलना चाहिए उन्होंने बताया कि यहां के लोग विधायक फंड की मांग कर रहे हैं अनुभा जी नवंबर में विधायक बनी है।मार्च तक उनकी विधायक निधि समाप्त हो चुकी है। अब 1 अप्रैल के बाद उनकी विधायक निधि आएगी उसके लिए यहां के वार्ड वासियों ने पार्षद के माध्यम से प्रस्ताव देना चाहिए ।यदि यहां की पार्षद भी प्रपोज देगी तो विधायक द्वारा जहां भी व्यवस्था बनाई जाएगी। लेकिन अभी तक पार्षद द्वारा कोई प्रस्ताव विधायक को नहीं दिया गया है।

## अज्ञात वाहन की ठोकर से गंभीर 57 वर्षीय वृद्धा की जिला अस्पताल में मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। वारासिवनी थाना अंतर्गत बालाघाट रोड पर स्थित ग्राम कायदी के जोड़ापाट में एक अज्ञात वाहन एक वृद्धा को ठोस मार कर फरार हो गया। अज्ञात वाहन की ठोकर से गंभीर रूप से घायल वृद्धा अमरकला पिता भीवासाव बाजनघाटे 57 वर्ष जोड़ापाट निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमरकला बचपन से ही मानसिक रूप से कमजोर



और विकलांग थी जो अपने भाई महेश बाजनघाटे के परिवार के साथ जोड़ापाट में रहती थी। बताया गया है किअमरकला कभी-कभी घर से निकल जाती थी। मार्च को 12.30 बजे करीब जब परिवार के लोग अपने घरेलू काम में व्यस्त थे। तब अमरकला घर से निकाल कर रोड तरफ आ गई थी। संभवत रोड पार करते समय कोई अज्ञात वाहन अमरकला को ठोस मारकर फरार हो गया। अमरकला रोड किनारे घायल हालत में पड़ी थी। खबर मिलते ही परिवार के लोग आए और गंभीर रूप से घायल अमरकला को जिला अस्पताल लाकर भर्ती किये। जहां उपचार के दौरान अमरकला की मौत हो गई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रधान आरक्षक महेंद्र मर्सकोले आरक्षक मुकेश मानेश्वर ने मृतिका अमरकला की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवाकर उसके परिजनों को सौंप दिए और मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस थाना वारासिवनी भिजवा दी है।

## एक युवक को उसी के ग्राम के व्यक्ति ने सिर में पत्थर मारकर किया घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। रामपायली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम दीनी में एक युवक को इसी ग्राम के एक व्यक्ति ने मारपीट कर सिर में पत्थर मारकर घायल कर दिये। घायल यूवक जितेंद्र पिता अजबलाल मानेश्वर 29 वर्ष ग्राम दीनी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र मानेश्वर अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करता है। जितेंद्र मानेश्वर की अपने ही ग्राम के चंद्रशेखर पंचेश्वर के साथ किसी बात को लेकर आपसी रंजीत बनी हुई थी ।17 मार्च की शाम 7 बजे जितेंद्र मानेश्वर अपने मोहल्ले के तीन-चार लोगों के साथ गांव के गांधी चौक में बैठा था। उसी समय चंद्रशेखर पंचेश्वर वहा आया और जितेंद्र मानेश्वर को अपने पास बुलाया और उसने तुरंत ही जितेंद्र मानेश्वर को हाथ बुक्को से मारपीट किया और सिर में पत्थर मार कर फरार हो गया। हाथ बुक्के से मारपीट और सिर में पत्थर मारने से जितेंद्र मानेश्वर घायल हो गया था। जिसे पड़ोस वालों ने घर ले गए। परिवार वालों ने जितेंद्र मानेश्वर को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

## एम्बुलेंसें कर रही आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है और पूरे प्रदेश सहित जिले में आदर्श आचार संहिता बीते दिनों से ही लागू हो चुकी है, किंतु देखने में यह आ रहा है कि अभी भी ऐसे बहुत से शासकीय विभाग है जिनमें आदर्श आचार संहिता का पूर्ण रूप से पालन नहीं किया जा रहा है, ऐसा ही एक ताजा मामला स्वास्थ्य विभाग से जुड़ा हुआ है, जहां पर स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस अभी भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है और इनमें शासकीय योजनाएं सहित मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम से चलने वाली योजना और उनके फोटो को नहीं ढका गया है ,जो सीधे-सीधे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जा रहा है। आपको बता दे की लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। जहां संपूर्ण मध्य प्रदेश में बिना प्रशासनिक अनुमति के कोई भी राजनीतिक दल अपनी पार्टी विचारधारा या योजनाओं का प्रचार प्रसार नहीं कर सकता । और ना ही जनता को लुभाने वाली कोई घोषणा कर सकता है ।लेकिन नगर के ऐसे कई स्थान है जहा अब भी विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर लगे हुए हैं। जिसे न सिर्फ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जा रहा है , बल्कि बिना अनुमति के उन बैनर पोस्टर के माध्यम से पार्टी और प्रत्याशी का जमकर प्रचार भी हो रहा है। जहां आदर्श आचार संहिता संपूर्ण मध्य प्रदेश में लगने के तुरंत बाद से ही आचार संहिता को लेकर शुरू की गई कार्यवाही के दौरान विभिन्न चौक चौराहे मार्गो सार्वजनिक स्थान आदि में लगे बैनर पोस्टर व अन्य प्रचार सामग्री को जप्त करने




की कार्यवाही की गई है, तो वहीं कुछ विभाग ऐसे भी हैं जो चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई आदर्श आचार संहिता का सीधे-सीधे उल्लंघन कर रहे हैं , जिसमें जब हमारे द्वारा देखा गया कि स्वास्थ्य विभाग में चलने वाली एंबुलेंस अभी भी प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम से चलने वाली योजनाएं सहित प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के फोटो को नहीं ढका गया है जो कि सीधे-सीधे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

#### पूर्व सांसद ने भी आचार संहिता का उल्लंघन का उठाया था मामला

जिस प्रकार पूर्व सांसद कंकर मुंजारे द्वारा भी एक दिन पूर्व अपने निवास पर पत्रकार वार्ता में यह मामले को उठाया गया था कि अभी भी जिला प्रशासन के द्वारा चुनाव आयोग द्वारा लगाई गई, आदर्श आचार संहिता का पालन नहीं किया जा रहा है और उन्होंने पद्मेश न्यूज़ से चर्चा के दौरान बताया था कि अभी भी जिले के बहुत से शासकीय कार्यालय और सार्वजनिक जगहों से सत्ता पक्ष और शासकीय योजनाओं की जानकारी देने वाली होल्डिंग और बैनरों को नहीं उतारा गया है, जो कि सीधे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

#### एम्बुलेंस से नहीं निकाली गयी सीएम व आरएम की फोटो

जिस प्रकार से चुनाव आयोग के यह निर्देश है कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद शासकीय व सार्वजनिक स्थान सहित अन्य जगह पर लगाए गए, शासकीय योजनाओं के प्रसार प्रचार और जनप्रतिनिधियों के नाम से चलने वाली योजनाओं के प्रचार सामग्री को आदर्श आचार संहिता लगने के बाद निकाल लेना है और कुछ नगर पालिका के द्वारा शहर के चौक चौराहे में लगाई गई होल्डिंग को उतारा भी गया है, किंतु बहुत से शासकीय वाहन और प्राइवेट वाहन भी है जिन पर शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार की सामग्री लगाए गए हैं, वह अभी भी नहीं हटाए गए हैं जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है और ऐसा ही जिला चिकित्सालय में चलने वाली एंबुलेंस में चल रहा है जो कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

#### वह प्राइवेट वेंडर की एंबुलेंस है-मनोज पांडे

जब हमारे द्वारा एंबुलेंस से शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार की सामग्री को नहीं हटाए जाने को लेकर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी मनोज पांडे से दूरभाष पर चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि जैसे ही चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की तारीख का ऐलान किया गया और जिले में आदर्श आचार संहिता लागू की गई, उसके साथ ही उन्होंने भी अपने विभाग में सूचना दे दी थी , कि जो भी शासकीय योजनाओं के प्रचार संबंधित जानकारी व फोटो लगाई गई है, उन सभी को ढक दिया जाए और जो आपके द्वारा बताई जा रही एंबुलेंस में शासकीय योजनाओं का प्रचार हो रहा है , वह प्राइवेट वेंडर की एंबुलेंस है उन्हें और तत्काल सूचना देकर फोटो को ढकने के लिये निर्देशित किया जायेगा।

#### तुरंत ही प्रचार सामग्री को हटवाएंगे-अंकित गुप्ता

108 गाड़ियों के कार्य को देखने वाले अंकित गुप्ता द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा गाड़ियों से शासकीय योजनाओं के प्रचार प्रसार की सामग्री उतार ली गई है और यदि यह गाड़ियां में प्रचार सामग्री लगी है तो वाहन को तुरंत पता करेंगे कि यह कहां की गाड़ियां हैं जो आचार संहिता का उल्लंघन कर रही है, उस से वह तुरंत ही प्रचार सामग्री को हटवाएंगे।

## शनिवार, रविवार और होली के दिन जमा नहीं होंगे नामांकन फार्म

**बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। आम लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत बालाघाट रिटर्निंग अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र कलेक्टर व दंडाधिकारी कोर्ट में निर्धारित समय में जमा किये जा सकेंगे। नाम निर्देशन पत्र 20 मार्च अधिसूचना जारी होने की दिनांक से 27 मार्च तक जमा किये जायेंगे। एसडीएम श्री गोपाल सोनी ने बताया कि 20, 21, 22, 26 और 27 मार्च को नाम निर्देशन पत्र जमा किये जा सकेंगे। 23 मार्च को चौथा शनिवार और 24 को रविवार तथा 25 मार्च को होली का अवकाश होने से नाम निर्देशन पत्र नही लिए जा सकेंगे।**

## लामता पुलिस ने 10 बैलों को कसाई खाना जाने से बचाए

### दो व्यक्ति गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में भेजे गए जिला जेल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिले में पशु तस्करी के चलते लामता पुलिस ने 10 बैलों को कसाई खाना जाने से बचाते हुए इन बैलों को कसाई खाना ले जा रहे दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया। लामता पुलिस ने 17 मार्च की रात्रि यह कार्रवाई लामता से अतरी मुख्य मार्ग यात्री प्रतीक्षालय के पास और चांगोटोला मुख्य मार्ग बांस डिपो के पास की। गिरफ्तार दोनों व्यक्ति रोहित पिता रामचरण ठाकरे 19 वर्ष ग्राम खैरगांव थाना लालबर्रा और संदीप पिता भजनलाल पंचेश्वर 35 वर्ष ग्राम पांडवानी थाना लालबर्रा निवासी है। दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भिजवा दिया गया है। जिनके पास से जप्त 10 बैलों की कीमत एक लाख रुपये बताई गई है। लामता पुलिस के मुताबिक 17 मार्च की शाम मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि लामता से अतरी मुख्य मार्ग यात्री प्रतीक्षालय के पास एक व्यक्ति बैलों को लकड़ी से क्रूरता पूर्वक मारते पीते हांकते हुए बेचने के लिए ले जा रहा है। इस सूचना पर मौके पर घेराबंदी की गई इस व्यक्ति से पूछताछ करने पर जिसने अपना नाम संदीप पंचेश्वर ग्राम पाढरवानी थाना लालबर्रा निवासी बताया। जो 4 नग बैल को लकड़ी से मारते फिरते हुए ले जा रहा था इसी प्रकार चांगोटोला मुख्य मार्ग बांस डिपो के पास मुखबिर के बताए अनुसार घेराबंदी की गई जहां पर एक व्यक्ति 6 नग बैलों को लकड़ी से मारते पीते पैदल हाकते हुए ले जाते हुए मिला जिसे पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रोहित पिता रामचरण ठाकरे ग्राम खैरगांव थाना लालबर्रा निवासी बताया दोनों व्यक्ति के द्वारा इन मवेशियों को लाने के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और उनके द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जांच में पाया गया कि यह दोनों व्यक्ति इन मवेशियों को मारते-पीटते हुए कसाई खाना ले जा रहे थे। दोनों व्यक्ति के विरुद्ध धारा 4 6 9 मध्य प्रदेश गोवंश वध प्रतिषेध अधिनियम और धारा 11(घ) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर दोनों व्यक्ति को इस अपराध में गिरफ्तार करके बालाघाट की विद्वान अदालत में पेश कर दिया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा जिला जेल भिजवा दिया गया है। यह कार्रवाई लामता थाना प्रभारी पी एस डामोर और उपनिरीक्षक दिलीप करण नायक ने आरक्षक हरिहर द्विवेदी आरक्षक देवेंद्र पन्द्राम सहित अन्य पुलिस कर्मचारियों के साथ की ।

## नालियों का गंदा पानी और कीचड़ जमा हो रहा सड़कों पर

### बे मौसम बरसात ने नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की खोली पोल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। इन दिनों हो रही बे मौसम बरसात की वजह से नगर पालिका के सफाई अभियान और पानी निकासी की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है ,जिस प्रकार से बीते दो दिनों से शहर में बारिश हो रही है, उस से नालियों में सही पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने की वजह से नालियों का पानी सड़कों से होता हुआ बह रहा है और सड़कों पर नाली का गंदा कीचड़ और पानी जमा होने से वार्ड वासियों को काफी



दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आपको बता दे कि इन दिनों हो रही बे मौसम बरसात से शहर में नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है जिस प्रकार से नगर पालिका द्वारा शहर में सफाई व्यवस्था और नालों की निकासी की बात कही जा रही थी, वह दावे अब फेल होते नजर आ रहे हैं, और इन दिनों बे मौसम हुई बरसात से नगर पालिकाओं की नाली बंद होने से नालियों का गंदा पानी सड़क से होता हुआ जा रहा है, जिससे सड़कों पर गंदा पानी और कीचड़ जमा हो रहा है ,जिससे आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ताजा मामला वार्ड नंबर 16 महावीर चौक का है जहां पर 18 मार्च की रात्रि हुई बरसात से पानी की निकासी नहीं होने के कारण पानी सड़कों से बहता हुआ निकला और पानी के जाने के बाद वार्ड नंबर 16 की सड़कों पर गंदा पानी और कीचड़ जमा हो गया ,जिस वजह से वार्डवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा , वहीं वार्ड में रहने वाले कपिल बर्वे द्वारा इस पूरी स्थिति का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी डाला गया और पद्मेश न्यूज़ से दूरभाष पर चर्चा के दौरान बताया गया कि उनके वार्ड में महावीर चौक के पास नाला वर्षों से बंद है, जिस वजह से जब भी बरसात होती है तो नालियों का पानी सड़कों से होता हुआ गुजरता है और नालियों का सारा गंदा कीचड़ और पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिस से वार्ड में आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है जबकि इसकी सूचना अनेको को बार नगर पालिका में दे दी गई है किंतु नगर पालिका द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने अज्ञात आरोपी पर 3 हजार रूपये की ईनामी राशि की घोषणा की है। मामला अज्ञात व्यक्ति की लाश का था जो कि 10 मई 2022 को ग्राम डोंगरिया सैनिक ढाबा के सामने पड़ी मिली थी। वारासिवनी थाने में धारा-174 जाफौ. का अपराध कायम कर मामला जांच में लिया गया। जांच के दौरान पाया गया कि व्यक्ति यशवंत माहुले जाति लोधी उम्र 34 वर्ष निवासी जोड़ापाट कायदी का है। मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं संपूर्ण मर्ग की जांच करने पर पाया गया कि मृतक की किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृत्यु कारित की गई है। जिसके तहत अज्ञात व्यक्ति पर धारा-304 का अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया है। अज्ञात आरोपी की पुलिस को सूचना व जानकारी देकर पकड़वाने में सहयोग करने वाले व्यक्तियों को घोषित ईनामी राशि दी जायेगी। फरार आरोपी की सूचना लिखित, मौखिक अथवा दूरभाष न. 07632-210021, 241800, 7587605598 तथा 07632-255036, 7049114048 पर बतायी जा सकती है। फरार व अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी देने वाले व्यक्ति को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ द्वारा घोषित राशि प्रदान की जायेगी।

## अनिवार्य सेवाएं घोषित करते हुए समस्त प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आम लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी शासकीय सेवकों की अनिवार्य सेवाएं घोषित की है। इसमें सभी स्तर के अधिकारी व कर्मचारी सहित सभी केंद्रीय राज्य या अन्य बोर्ड, कंपनी, संस्था, उपक्रम शामिल है। साथ ही उन्होंने सभी प्रकार के अवकाशों (विशेष कारणों को छो?कर) तथा जिले के भीतर लिए गए सभी प्रकार के स्थानांतरण, नवीन पदस्थापना, कार्यमुक्ति को प्रतिबंधित किया गया है।

# जल शोधन संयंत्र केन्द्र जाम में बिजली गुल होने से ठप्प हुई नल-जल योजना

## तेज आंधी-तूफान में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त व तार टूटने से गुल है बिजली, विद्युत एवं पीएचई विभाग से क्षतिग्रस्त पोल एवं तार को दुरूस्त कर पानी प्रदाय करने की मांग

**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गत तीन दिनों से शाम ४ बजे के बाद अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही तेज आंधी-तूफान व बादल गर्जन के साथ बारिश हो रही है। जिससे कुछ स्थानों के विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने के साथ ही तार टूट गये है जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या बनी हुई है। इसी तरह की समस्या जाम स्थित जल शोधन संयंत्र केन्द्र में बनी हुई है जहां पर तेज आंधी-तूफान के कारण तार टुट गये है एवं बादल गर्जन के चलते ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई है। जिसके चलते जल शोधन संयंत्र केन्द्र जाम में दो दिनों से बिजली गुल होने से लालबर्रा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाली ७७ ग्राम पंचायतों में पानी की सप्लाई नही हो पा रही है जिसके कारण नल-जल योजना पूरी तरह से ठप्प हो चुकी है। जिससे ग्रामीणजनों को गर्मी के दिनों में पानी के लिए खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दूर स्थित हेंडपंप व कुएं से पानी लाने मजबूर है। वहीं हेंडपंप में अधिक दबाव होने के कारण हेंडपंप से दूषित पानी निकल रहा है जिसे पीने ग्रामीणजन मजबूर है और दूषित पानी पीने से उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणजनों ने पीएचई विभाग एवं विद्युत विभाग से क्षतिग्रस्त विद्युत पोल एवं तारों को दूरस्त कर नल-जल योजना का पानी नियमित रूप से प्रदाय करने की मांग की है।**






### दो दिनों से नही मिल रहा नल-जल योजना का पानी, ग्रामीणजन परेशान

आपकों बता दे कि शासन के द्वारा लालबर्रा विकासखण्ड के ७७ ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को छिंदलई वैनगंगा नदी का शुध्द पानी पहुंचाने के लिए करोड़ों रूपयों की नल-जल योजना प्रारंभ की गई है और इस योजना के तहत लालबर्रा जनपद पंचायत की ७७ ग्राम पंचायत के १०४ गांव के ग्रामीणजनों को छिंदलई वैनगंगा नदी का शुध्द पानी पहुंचाने के लिए जाम में जल शोधन संयंत्र केन्द्र बनाया गया है। जहां पानी फिल्टर होने के बाद पाईपलाईन के माध्यम से ग्रामीणजनों को पानी प्रदाय किया जाता है परन्तु गत तीन दिनों से लालबर्रा क्षेत्र में अचानक मौसम परिवर्तन होने के साथ ही शाम के समय तेज आंधी-तूफान चलने व बादल गर्जना के साथ ही बारिश हो रही है। जिसके कारण जाम जल शोधन संयंत्र एवं छिंदलई के कुछ विद्युत पोल क्षतिग्रस्त होने के साथ ही तार टूट गये है और ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आने से दो दिनों से बिजली गुल है। जिसके कारण दो दिनों से नल-जल योजना क्षेत्र में ठप्प हो चुकी है और नल-जल योजना का पानी दो दिनों से नही मिलने के कारण ग्रामीणजनों को पानी के लिए खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पीएचई विभाग एवं विद्युत विभाग के द्वारा क्षतिग्रस्त विद्युत पोल व टूटे तार को सुधारने का कार्य किया जा रहा है परन्तु दो-तीन दिनों से क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान ने जिस तरह से कोहराम मचाया है और विद्युत पोल क्षतिग्रस्त व तार टुटे है जिसे दुरूस्त करने में विद्युत विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। वहीं क्षेत्रीयजनों का कहना है कि बे-मौसम बारिश एवं तेज आंधी-तूफान के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त, तार टूटने एवं ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण विद्युत प्रवाह सेवा ठप्प हो चुकी है और अंधेरे में ग्रामीणजन रह रहे है। साथ ही यह भी कहा कि नल-जल योजना का दो दिनों से पानी नही मिल रहा है जिसके कारण ग्रामीणजनों को पानी के लिए खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और बताया जा रहा है कि जल शोधन संयंत्र केन्द्र जाम में विद्युत पोल क्षतिग्रस्त व ट्रांसफार्मर में खराबी आने के कारण बिजली गुल है जिसके कारण पानी प्रदाय नही किया जा रहा है। जबकि यह करोड़ों रूपयों की योजना है और नल-जल योजना भी एक अति आवश्यक सेवा है इसलिए पीएचई विभाग को बिजली बंद रहने पर पानी प्रदाय करने के लिए जनरेटर व अन्य वैकल्पिक व्यवस्था रखनी चाहिए ताकि तेज आंधी-तूफान के चलते बिजली बंद होने के बाद भी क्षेत्रीयजनों को नल-जल योजना का पानी प्रदाय कर सके परन्तु पीएचई विभाग के द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था नही की गई है जिससे क्षेत्रीयजनों पर शासन-प्रशासन के प्रति आक्रोश व्याप्त है। वहीं पीएचई विभाग के जिम्मेदारों का कहना है कि गत तीन दिनों से क्षेत्र में शाम के समय तेज आंधी-तूफान एवं बादल गर्जना के साथ बारिश हो रही है। जिसके कारण विद्युत पोल व ट्रांसफार्मर में खराबी आ चुकी है एवं तार टूट गये है जिसे सुधारने का कार्य किया जा रहा है, जिसका कार्य पूर्ण होते ही क्षेत्रीयजनों को नल-जल योजना का पानी प्रदाय किया जायेगा।

### दो दिनों से नल-जल योजना का नही मिल रहा पानी - ईशुप्रसाद



ईशुप्रसाद नागेश्वर ने बताया कि नल-जल योजना का पानी ग्रामीणजनों को दो दिनों से नही मिल रहा है ऐसी स्थिति में दुर स्थित हेंडपंप व कुएं से पानी ला रहे है और हेंडपंप में पानी भरने वालों की सुबह से भीड़ लग जाती है। जिसके कारण ग्रामीणजन पानी के लिए खासा परेशान है और हेंडपंप में अधिक दबाव होने के कारण दूषित पानी निकलता है जिसे पीने मजबूर है ग्रामीणजन और दूषित पानी पीने से स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है इसलिए नियमित रूप से नल-जल योजना का पानी मिलना चाहिए।

### आंधी-तूफान में बिजली के पोल व तार टूट गये है - उमाप्रसाद



उमाप्रसाद नागेश्वर ने बताया कि लालबर्रा क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार शाम के समय मौसम परिवर्तन होने के साथ ही तेज आंधी-तूफान एवं बादल गर्जन के साथ बारिश हो रही है। जिसके कारण जाम एवं छिंदलई में बिजली गुल होने के जल-जल योजना का पानी नही मिल रहा है क्योंकि छिंदलई वैनगंगा नदी का पानी जाम में बने जल शोधन संयंत्र केन्द्र में पहुंचता है जहां से फिल्टर होने के बाद पाईपलाईन के माध्यम से पंचायत की पानी टंकी में पानी आता है। उसके बाद ग्रामीणजनों को प्रदाय किया जाता है। श्री नागेश्वर ने बताया कि जाम जल शोधन संयंत्र में दो दिनों से बिजली गुल होने के कारण पानी नही आ रहा है जिसके कारण ग्राम में पानी की समस्या बनी हुई है इसलिए विद्युत एवं पीएचई विभाग से मांग है कि जल्द क्षतिग्रस्त विद्युत पोल व टूटे तार को दुरूस्त कर पानी प्रदाय करें।

### ७७ पंचायत के ग्रामीणों को नही मिल रहा पानी - अनीस



पांढरवानी सरपंच अनीस खान ने बताया कि तीन दिनों से क्षेत्र में तेज आंधी-तूफान एवं बादल गर्जन के साथ बारिश हो रही है जिसके कारण जाम के जल शोधन संयंत्र केन्द्र के ट्रांसफार्मर में खराबी आने से बिजली गुल होने के कारण दो दिनों से पानी सप्लाई बंद है और लालबर्रा विकासखण्ड के ७७ ग्राम पंचायत के ग्रामीणजनों को नल-जल योजना का पानी नही मिल रहा है जिसके कारण पानी के लिए ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री खान ने बताया कि पांढरवानी पंचायत के द्वारा पंचायत की टंकी के माध्यम से पानी प्रदाय की जा रही है परन्तु अन्य पंचायत को पानी नही मिल रहा है इसलिए पीएचई विभाग से मांग है कि जो तकनीकी खराबी है उसमें सुधार कर नियमित रूप से नल-जल योजना का पानी क्षेत्रीयजनों को प्रदाय करें।


# पांढरवानी पंचायत में संपत्ति विरूपण की हुई कार्यवाही

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए १६ मार्च से निर्वाचन आयोग के द्वारा पूरे देश में आदर्श आचार संहित लागू कर दी गई है। इस आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों एवं शासकीय कार्यालयों में कर्मचारियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है। इसी परिपालन में १८ मार्च को नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी में राजस्व विभाग व पंचायत कर्मचारियों के द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लगे पार्टियों के बैनर पोस्टर को हटाया गया इसके अलावा दीवारों पर लिखे गये स्लोगन, नारे व शासकीय भवन, सड़क सहित अन्य शिलान्यस पत्थरों पर पेंट किया जा रहा है। वहीं जिन पंचायतों में पंचायत कर्मचारियों के द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्यवाही नही की जायेगी उनके विरूध्द निर्वाचन अधिकारी के द्वारा वैधानिक कार्यवाही भी की जायेगी। आपकों बता दें कि लोकसभा चुनाव २०२४ सात चरणों में संपन्न होना है और प्रथम चरण का मतदान १९ अप्रैल को संपन्न होना है। जिसकी तैयारियां निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रारंभ कर दी गई है एवं निर्वाचन व मतगणना की तारीख जारी करते ही आदर्श आचार संहिता भी लागू कर दी गई है। इस आदर्श आचार संहिता के लागू होते ही अब कोई भी नेता मंच के माध्यम से किसी भी योजना की घोषणा नहीं कर सकते है और न मतदाता को लुभाने का प्रयास करेंगें इसके अलावा प्रत्याशियों के द्वारा जो भी आय व्यय से संबंधित जानकारियां है वो सब निर्वाचन आयोग को देनी होगी। चर्चा में ग्राम पंचायत पांढरवानी के प्रभारी सचिव कृष्णा पंचेश्वर ने बताया कि १६ मार्च से लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग के द्वारा आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है और पंचायतों को निर्देश दिये गये है कि संपत्ति विरूपण की कार्यवाही करें। इसी निर्देश के परिपालन में सोमवार को ग्राम पंचायत क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर लगे पाटियों के बैनर-पोस्टर को हटाने के साथ ही दीवारों में लिखे गये स्लोगन, नारे व शासकीय भवन, सहित अन्य भूमिपूजन एवं लोकार्पण शिलान्यास के पत्थरों पर पेंट किया जा रहा है और सभी को आदर्श आचार संहिता का पालन करवाया जायेगा। इस संपत्ति विरूपण कार्यवाही के दौरान पटवारी शिवलाल अड़मे, पंचायत सचिव कृष्णा पंचेश्वर, कोटवार अनिल रंगारे, पंचायतकर्मी राशिद अली, प्रदीप पंचेश्वर व रूपचंद पंचेश्वर उपस्थित रहे।



# कक्षा पांचवी एवं आठवी की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

## ३१ मार्च के पहले किया जायेगा वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित - तुरकर





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार कक्षा पांचवीं एवं कक्षा आठवीं की बोर्ड पैटर्न पर वार्षिक परीक्षा गत १४ मार्च को संपन्न हो चुकी है। जिसके बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ कर दिया गया है और ३१ मार्च के पहले कक्षा पांचवी एवं आठवीं का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा जिसकी तैयारी में शिक्षा विभाग जुट चुका है। इसी कड़ी में लालबर्रा विकासखण्ड के नगर मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट उज्चतर माध्यमिक विद्यालय को कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन केन्द्र बनाया गया है जहां १८ मार्च से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो चुका है और उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य २१६ शिक्षकों के द्वारा किया जा रहा है। जिनके द्वारा २३ मार्च तक मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर ३१ मार्च के पूर्व वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग के द्वारा कर ली गई है। आपकों बता दें कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार गत ६ मार्च से कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हुई थी और १४ मार्च को संपन्न हो चुकी है। जिसके बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है। वहीं राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के द्वारा ३१ मार्च के पूर्व वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने निर्देश शिक्षा विभाग को दिये गये है। लालबर्रा विकासखण्ड में २३ परीक्षा केन्द्रों में गत १४ मार्च को कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई है जिनकी उत्तरपुस्तिका दुसरे विकासखण्ड में मूल्यांकन के लिए भेजी गई है और लालबर्रा विकासखण्ड में अन्य विकासखण्ड की उत्तरपुस्तिका आई है जिनका मूल्यांकन कार्य लालबर्रा के उत्कृष्ट विद्यालय में किया जा रहा है। यह मूल्यांकन का कार्य पुरी पारदर्शिता एवं उत्कृष्ट विद्यालय लालबर्रा प्राचार्य लक्ष्मीचंद मानवटकर एवं बीआरसी श्रीराम तुरकर की निगरानी में की जा रही है और यह कार्य प्रात: १०.३० बजे से शाम ५ बजे तक किया जा रहा है। दूरभाष पर चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार गत १४ मार्च को कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई है और ३१ मार्च के पूर्व वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करने के निर्देश मिले है। श्री तुरकर ने बताया कि १८ मार्च से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है और २३ मार्च तक पुर्ण कर लिया जायेगा एवं उत्तरपुस्तिका के मूल्यांकन कार्य में २१६ शिक्षकों की डयूटी लगाई गई है जिनके द्वारा कापियों की जांच कर परिणाम तैयार किया जा रहा है और ३१ मार्च के पूर्व कक्षा पांचवीं एवं आठवीं का वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित किये जायेगें जिसकी तैयारी की जा रही है।

# पंचायत ने क्षतिग्रस्त पुलिया के मोगे एवं चोक नाली की करवाई सफाई

## सफाई होने से अब रोड़ के ऊपर से नही बहेगा गंदा पानी, नवीन पुलिया निर्माण की मांग

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा से जाम पहुंच मार्ग के हाईवे रोड़ मजार के पास पांढरवानी रोड़ स्थित पुलिया की ऊंचाई कम होने, पुलिया धसक जाने एवं मोगा चोक होने के कारण निवासरत लोगों के घरों का गंदा पानी रोड़ के ऊपर से बह रहा रहा था। जिसके कारण मार्ग से आने-जाने वाले ग्रामीणजन, राहगीर एवं स्कूली बच्चों को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था एवं दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी हुई थी। उक्त समस्या को गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में प्रमुखता से उठाते हुए पुलिया धसक जाने से रोड़ के ऊपर से बह रहा गंदा पानी नामक शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद ग्राम पंचायत पांढरवानी के द्वारा क्षतिग्रस्त पुलिया के नीचे मोगे एवं आजू-बाजू से चोक हो चुकी नाली की साफ-सफाई करवा दी गई है। चोक मोगे व नाली की सफाई हो जाने से अब रोड़ के ऊपर से गंदा पानी नही बहेगा। साथ ही रोड़ के ऊपर से बह रहे गंदे के कारण मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानियों से वर्तमान में निजात भी मिल गई है परन्तु जल्द धसक चुकी (क्षतिग्रस्त) पुलिया की ऊंचाई बढ़ाकर नवीन पुलिया का निर्माण नही किया जाता है तो उक्त समस्या पुन: निर्मित हो जायेगी इसलिए निवासरत लोग एवं राहगीरों ने जल्द पुलिया का ऊंचाई बढ़ाकर नवीन निर्माण करवाने की मांग शासन-प्रशासन से की है। चर्चा में राहगीरों ने बताया कि लालबर्रा-सिवनी हाईवे मार्ग मजार के सामने से लालबर्रा-जाम पहुंच मार्ग का विगत वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग के द्वारा डामरीकरण सड़क निर्माण के साथ ही मजार के पास पांढरवानी रोड़ पर पुलिया का निर्माण किया गया था परन्तु लंबे समय से पुलिया के नीचे पानी निकासी के लिए लगाये गये मोगे की साफ-सफाई नही होने के कारण चोक हो चुकी थी। साथ ही ओवरलोड़ वाहनों के आवाजाही के कारण पुलिया भी क्षतिग्रस्त हो चुका था जिसके कारण रोड़ के ऊपर से गंदा पानी बह रहा था। ऐसी स्थिति में मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को परेशानी हो रही थी। गत दिवस बालाघाट एक्सप्रेस अखबार में उक्त समस्या को प्रमुखता से उठाते हुए समाचार प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद पंचायत के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था के तहत चोक नाली व पुलिया के नीचे मोगे की साफ-सफाई करवा दी गई है जिससे अब रोड़ के ऊपर से गंदा पानी नही बहेगा परन्तु प्रशासन को पुलिया की ऊंचाई बढ़ाकर नवीन पुलिया का निर्माण जल्द किया जाना चाहिए तभी पानी निकासी की समस्या से पुरी तरह निजात मिल पायेगी और रोड़ के ऊपर से पानी नही बहेगा। इसलिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क विभाग से मांग है कि मजार के समीप पांढरवानी रोड़ स्थित क्षतिग्रस्त पुलिया की ऊंचाई बढ़ाकर नवीन पुलिया का निर्माण कार्य जल्द करवाये।




# चिचगांव में १७ असाक्षरों ने साक्षर बनने दी परीक्षा



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत चिचगांव स्थित शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल में रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में १० लक्ष्य के अनुरूप १७ असाक्षरों ने साक्षर बनने परीक्षा में शामिल होकर पेपर दिये है। आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में नवसाक्षरों ने पूरी उत्साह के साथ परीक्षा में उपस्थित हुए जिनका शिक्षकों के द्वारा तिलकवंदन कर स्वागत किया गया तत्पश्चात उनकी परीक्षा संपन्न करवाई गई और परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन कर परिणाम को ऑनलाईन किया गया। चर्चा में शासकीय एकीकृत माध्यमिक स्कूल चिचगांव केन्द्राध्यक्ष देवेन्द्र हनवत ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रविवार को उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें चिचगांव परीक्षा केन्द्र में १० असाक्षर के विरूध्द १७ असाक्षर उपस्थित होकर साक्षर बनने के लिए पेपर दिये है। जिन्हे अक्षर साथी के द्वारा साक्षर बनाने के लिए शिक्षा प्रदान की गई थी और इस परीक्षा के माध्यम से उन्होने जो शिक्षा प्राप्त की है उसका मूल्यांकन किया गया है कि वे अब साक्षर बन चुके है। साथ ही यह भी बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में निरीक्षक के रूप में शिक्षिका श्रीमती माला बिसेन, लिम्बाजी चौधरी उपस्थित रहे और परीक्षा में उपस्थित १७ नवसाक्षरों की कापियों का मूल्यांकन कर उनका परिणाम ऑनलाईन कर शिक्षा विभाग को जानकारी भेज दी गई है।

कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नगर पालिका कर रही संपत्ति विरूपण की कार्यवाही

## बैनर फ्लेक्स होर्डिंग झंडा निकालने का किया जा रहा कार्य





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आंचार संहिता प्रभावी होते ही जिले में संपत्ति विरूपण की कार्यवाही तेज हो गई है । जिसके तहत सरकारी संपत्ति एवं मार्गों पर लगी बैनर फ्लेक्स होर्डिंग झंडा निकालना और राजनेताओं के नाम छिपाने की कवायत प्रारंभ हो गई है । इसी कड़ी में नगर के नपा राजस्व प्रशासन के द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डेहरिया के नेतृत्व में की जा रही है। जिसमें नगर पालिका राजस्व अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा नगर में शासकीय भवनों ,मार्गो ,चौक चौराहों पर लगाए गए राजनैतिक बैनर पोस्टर को उतारने के कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है। विदित हो कि देश में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा समस्त प्रदेश एवं केंद्र शासित प्रदेशों में लोकसभा आम चुनाव की घोषणा कर दी गई है। जिसकें साथ आदर्श आंचार संहिता प्रभावी हो गई है ,इस आदर्श आंचार संहिता का पालन करवाने के लिए प्रशासन तंत्र मुस्तैद हो गया है। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पूरे नगर में नगर पालिका अमले के द्वारा नगर में घूम घूम कर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है।

### इन स्थानों पर की गई कार्यवाही

आदर्श आंचार संहिता के पालन में नगर के दीनदयाल चौक ,रामपायली चौक ,बस स्टैंड ,तहसील कार्यालय, जय स्तंभ चौक ,नेहरू चौक ,आंबेडकर चौक ,गोलीबारी चौक ,शासकीय भवन ,शासकीय स्कूल ,शासकीय परिसर सहित अन्य स्थान पर जगह जगह विद्युत पोल पर लगे बैनर पोस्टर को निकालकर जप्ती की कार्यवाही की गई। इसके बाद नगर की रामपायली रोड़, लालबर्रा रोड़ ,बालाघाट रोड़, कटंगी रोड़ सहित नगर के १५ वार्ड के विभिन्न मार्ग एवं चौक चौराहा पर लगे सभी प्रकार के बैनर फ्लेक्स होल्डिंग झंडा निकालने की कार्यवाही जारी है।

### नाम छुपाने का किया जा रहा कार्य

आदर्श आंचार संहिता के पालन में बैनर फ्लेक्स होल्डिंग झंडा सभी प्रकार की प्रचार सामग्री निकालने के साथ ही नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भवन रोड़ तीन सेट एलइडी लाइट पुल पुलिया सहित सभी स्थान पर जहां भूमि पूजन या लोकार्पण पत्थर लगाया गया है । उसमें लिखे नेताओं के नाम को टेप कागज या अन्य वस्तुओं से छुपाने की कार्यवाही भी की जा रही है। जिसके लिए नगर पालिका की एक टीम नगर के विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर पत्थर या बोर्ड की तलाश कर नाम छुपाने का कार्य कर रहे है।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शासकीय संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की गई-दिशा डेहरिया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिशा डेहरिया ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि नगर में बहुत अधिक मात्रा में मुख्य मार्ग सरकारी भवनों और विद्युत पोल पर राजनैतिक सामाजिक एवं संस्थाओं के प्रचार प्रसार को लेकर बैनर पोस्टर लगे हुए थे । देश में लोकसभा आम चुनाव को लेकर आदर्श आंचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रभावित कर दिया गया है । इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शासकीय संपत्ति जैसे भवन स्कूल कॉलेज सहित विभिन्न स्थानों पर लगे प्रचार स्त्रोत पर संपत्ति विरूपण की कार्यवाही की जा रही है। जिसमें मुख्य चौक



चौराहा पर यह कार्यवाही की जा चुकी है ,अब नगर के वार्ड के विभिन्न गलियों और चौक चौराहा पर यह कार्यवाही की जा रही है।

# पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के प्रयासो से लाल किवाड़ी नहर के पुल का निर्माण कार्य प्रारंभ

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड १ में लाल किवाड़ी के पास नहर पर बनने वाले पुल के निर्माण कार्य का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के द्वारा निरिक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान पुल निर्माण कार्य के पूर्व कार्य एंजेसी के द्वारा बायपास मार्ग नही बनाने की शिकायत भी नागरिकों के द्वारा की गई थी। कि इस मार्ग पर सबसे ज्यादा ग्रामीणजन, शासकीय महाविद्यालयीन विधार्थीगण कालेज जाने के लिये उपयोग करते है। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया की स्थल पर आने के बाद ही बायपास मार्ग नही बनाने की शिकायत सामने आयी है। नागरिको ने स्वयं आगे आकर बताया की संबधित ठेकेदार ने बिना बायपास के ही पुल का काम चालू कर दिया है। बायपास के अभाव में कालेज के विधार्थीयो, राहगीरो सहित निकट के अस्पताल के मरीजो को अब एक किलोमीटर का फेरा लगाकर नगर में आने की तकलीफ उठानी पड रही है। जबकि नियमानुसार पहले बायपास बनना था, फिर कार्य प्रारंभ करना था सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों सहित कार्यपालन यंत्री ने भी स्थानीय ठेकेदार को बुलवाकर इस मामले में दिशा निर्देश दिये थे। और अब लिये गये निर्णय अनुसार इस कार्य में पहले बायपास निर्माण के बाद ही इस पुल निर्माण कार्य को सतत रूप से प्रारंभ कराने के निर्देश अधिकारियों के द्वारा दे दिये गये है। वहीं आगामी समय में बरसात की धान की फसल को देखते हुये समय सीमा में पुल निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी संबधित ठेकेदार को अधिकारियों के द्वारा प्रदान कर दिये गये है। पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने बताया की इसी तरह हमने मुख्य सड़क से पेट्रोल पंप होते हुये शिवधाम मोहल्ले की नहर पर एक और पुलिया के लिये भी पुल स्वीकृत करा दिया है, अब उसका कार्य भी हम शुरू कराने जा रहे है। लाल किवाड़ी और शिवधाम दोनो की नहर के पुल की २८-२८ लाख की राशि हमने खनिज मद से स्वीकृत पूर्व में ही करवा ली थी। हमारी सोच थी की यह नहर नगर के दो हिस्सो में जोड़ती है। अगर जीणशीर्ण यह नहर की पुरानी पुलिया धराशायी हो जायें तो सही में नगर दो हिस्सो मे बंट जाने की पीडा सभी को परेशान करती।





# समता सैनिक दल का १७ वॉ जिला स्तरीय स्थापना दिवस मनाया गया

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। डॉ बाबा साहेब आंबेडकर ने १३ मार्च १९२७ को अपने सामाजिक, राजनीतिक ,आर्थिक मामलों में समता स्वतंत्रता न्याय बंधुत्व और भाईचारा और खास तौर पर विरोधियों का मुकाबला करने हेतु समता सैनिक दल की स्थापना की। बाद में उसका विस्तार करते हुए उसे ऑल इंडिया समता सैनिक दल का नाम देकर पूरे भारतवर्ष में कार्य करने निर्देशित किया। इसी कड़ी में १७ मार्च २०२४ को आंबेडकर मंगल भवन में समता सैनिक दल का स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदीप आगलावे , संजय गजभिए ,आर सी नाग देवे, चितरंजन बौद्ध,राहुल भगत ,सरोज दंगे ,ज्योति ताई ,उज्वल ताई ,कल्पना ताई वासनिक,एन आर डोंगरे ,एस आर ऊके ,सचिन मेश्राम,सुरेंद्र गजभिए की मौजूदगी में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में पूज्य भंते बुद्धपाल के द्वारा विश्व वंदनीय तथागत बुद्ध एवं संविधान शिल्पकार बोधिसत्व डॉ बाबा साहेब आंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष मोमबत्ती अगरबत्ती प्रज्वलित कर पुष्प मालाओं से स्वागत सत्कार किया गया। पश्चात ऑल इंडिया समता सैनिक दल के कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। वहीं सभी वक्ताओं ने डॉ बाबा साहेब आंबेडकर एवं तथागत सम्यक समबुद्ध एवं समता सैनिक दल के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।






# मारपीट के आरोपी राकेश अटराहे को सश्रम कारावास

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी न्यायालय के विद्वान न्यायाधीश शैलेन्द्र रैकवार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी के द्वारा मारपीट के आरोपी राकेश अटराहे को एक वर्ष का सश्रम कारावास १००० रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी दिनेश अटराहे २२ मई २०२० के प्रात: ९ बजे करीबन अपनी बाडी के घुडे से बैलगाड़ी से खाद डाल रहा था। कि उसके बड़े पिता आरोपी राकेश अटराहे से उसने बोला कि घुडे के पास से रास्ता क्यों निकाले। इसी बात पर से आरोपी राकेश अटराहे ने पास रखे फावड़े की मुदई से प्रार्थी को दाहिने कंधे पर मार दिया एवं गालियां दिया एवं रास्ते के बारे में बोला तो जान से खत्म करने की धमकी दिया है। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी ने थाना खैरलांजी में लेख कराई थी । जिसमें अन्वेषण पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इसके बाद यह प्रकरण वारासिवनी न्यायालय में विचाराधीन था। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शैलेंद्र रैकवार की अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्य एवं तथ्यों पर विश्वास करते हुए आरोपी राकेश पिता कंचनलाल अटराहे उम्र ३८ वर्ष निवासी खैरी वार्ड नं १९ थाना खैरलांजी का दोष सिद्ध होने पर उसे भादवी की धारा ३२५ के अंतर्गत दण्डनीय अपराध के आरोप के लिए १ वर्ष के सश्रम कारावास तथा राशि १००० रूपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया। अभियुक्त के द्वारा अर्थदण्ड की राशि अदा ना करने पर उसे ३ माह का सश्रम कारावास पृथक से भुगताया जावें। अभियोजन की ओर से पैरवी ऋतुराज कुमरे सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वारासिवनी के द्वारा की गई।




# मिश्रा नगर में गिरी आकाशीय बिजली

## समीपस्थ मकानों में इलेक्ट्रॉनिक सामान हुए क्षतिग्रस्त





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर सहित क्षेत्र में बीते ३ दिनों से दोपहर के बाद अचानक मौसम करवट ले रहा है। इस दौरान आसमान में काले बादल छाना आकाशीय बिजली कड़कना बादलों की गर्जना होने के साथ ही बारिश का मौसम बना हुआ है । जिससे लोगों को उम्मस गर्मी से राहत तो मिल रही है परंतु आकाशीय बिजली गिरने से नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। इसी कड़ी में नगर के वार्ड नंबर १ स्थित मिश्रा नगर में १७ मार्च की देर रात करीब ११ बजे अचानक आकाशीय बिजली जोरदार कड़कड़ाहट के साथ गिरी। जिससे कुछ मकान में इलेक्ट्रॉनिक सामान खराब हो गए जिससे उन्हें आर्थिक रूप से नुकसान हुआ है। इसकी जानकारी उन्हें १८ मार्च की सुबह तब पता चली जब उनके घरों में विद्युत प्रवाह बहाल हुआ। उपकरणों को मकान मालिक ने चालू करने गए तो बिजली कड़कने के दौरान जो भी उपकरण चालू थे वह खराब हो गये इसके सुधार कार्य में वह १८ मार्च को जुटे रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार १६ मार्च की शाम ५ बजे से मौसम में बदलाव बना हुआ है ,इसके बाद मौसम विभाग के द्वारा अगले तीन दिनों तक इस प्रकार का मौसम रहने की सूचना दी गई थी। इसके बाद १७ मार्च की सुबह आसमान में तेज चमक के साथ सूर्य देवता अपनी उपस्थिति बनाए हुए थे। गर्मी का मौसम बना हुआ था तभी दोपहर करीब ४ बजे आसमान में काले बादल छाने लगे और तेज हवा तूफान चला रहा। परंतु रात करीब ८ बजे बारिश का दौर प्रारंभ हुआ जो रुक रुक कर देर रात तक चलता रहा। इस दौरान रात्रि करीब ११ बजे सभी अपने घरों में भोजन कर मनोरंजन कर रहे थे तभी आसमान में बादलों की गर्जना होते ही तेज कड़कड़ाहट के साथ चिड़चिड़ा देने वाली जोरदार आवाज हुई । जिससे बिजली गिरना प्रतीत हुआ इसके बाद विद्युत प्रवाह बंद हो गया। ऐसे में सभी अपने मकानो में सभी चालू सामान की बटने बंद कर सो गए थे । जब सुबह उठकर देखा तो बिजली कड़कने के दौरान जो बल्ब टीवी फ्रिज पंखे कूलर आदि इलेक्ट्रॉनिक सामान प्रारंभ थे वह चालू नहीं हुए जो खराब हो गए। इसके बाद उक्त सामग्री सुधारने का कार्य मकान मालिकों के द्वारा किया गया।

### अज्ञात स्थान पर गिरी बिजली

इस दौरान यह पता चला कि आकाशीय बिजली देर रात मिश्रा नगर के आप पास में गिरी जिससे लोगों के घरों में इलेक्ट्रिक सामान को क्षति पहुंची है। इस दौरान बिजली की चमक सभी के द्वारा मकान के दरवाजे खिड़की या प्रकाश दानी से देखी गई। परंतु आकाशीय बिजली कहां गिरी इसका किसी को पता नहीं चल पाया है जिसको लेकर वार्ड में चर्चाएं जारी है।

### इन मकानों में हुआ नुकसान

मिश्रा नगर में १७ मार्च की देर रात करीब ११ बजे मौसम में बदलाव होने के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मिश्रा नगर निवासी विजय कुमार दुबे के मकान में टीव्ही पंखा कूलर बल्ब ट्यूब लाइट, विकास जैन के मकान में पंखा ,ईश्वरी कटरे के मकान में टीव्ही पंखा बल्ब सहित अन्य मकान में भी विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हो गये। इस प्रकार आकाशीय बिजली गिरने से मिश्रा नगर में करीब आधा दर्जन से अधिक मकान में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हुए हैं।

### फिर मौसम हुआ खराब देर शाम लगातार हो रही बारिश

नगर सहित क्षेत्र में बीते दो दिनों की तरह फि र १८ मार्च की दोपहर ४ बजे अचानक मौसम में बदलाव होने के साथ बारिश हवा तूफान का दौर प्रारंभ हो गया। इस दौरान प्रतिदिन की तरह सुबह से ही आसमान पर सूर्य भगवान गर्मी बरसा रहे थे । जहां दोपहर करीब ४ बजे के बाद काले बादल के साथ बादली छाने लगी और हवा तूफान का दौरा प्रारंभ हो गया । वही ५.३० बजे के बाद हल्की बूंदाबांदी तेज बारिश में बदल गई। यह बरसात का दौर करीब १ घंटे तक चला इस दौरान पूरे नगर में फैली गर्मी को मौसम में पूरा ठंडा कर दिया जिसका लोगों के द्वारा आनंद उठाया गया।

### किसानों के लिये नुकसान दायक साबित हो रहा मौसम

वर्तमान में किसानों ने अपने खेतों में रबी की फसल लगाए हुए हैं जिसमें किसानों के द्वारा धान ,सरसों ,चना ,गेहूं की उपज लगाए हुए हैं। जिसमें सरसों चना गेहूं कटाई जारी है तो वहीं धान में पानी की कमी बनी हुई है। ऐसे में बीते तीन दिनों से मौसम में हो रहे बदलाव के कारण बारिश हो रही है। जिससे धान की उपज लगाने वाले किसान को फायदा तो हो रहा है वहीं चना ,गेहूं ,सरसों सहित दलहन फैसले लगाने वाले किसानों को परेशानी का सामना भी करना पड़ रहा है। क्योंकि उनकी फसल अब तैयार हो चुकी है जिसे काटना है परंतु पानी अब उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है।

### बिजली कहां गिरी पता नहीं घर के बल्ब ट्यूबलाइट पंखे खराब हो गये-विजय कुमार

वार्डवासी विजय कुमार दुबे ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि १७ मार्च की दोपहर के बाद अचानक मौसम बदल गया तेज आंधी तूफ ान और बारिश प्रारंभ हो गई थी इस दौरान हम सभी अपने घरों में थे। रात करीब ११ बजे तेज बिजली कड़कने की आवाज आई अब बिजली कहां गिरी पता नहीं पर हमारे घर के बल्ब ट्यूबलाइट पंखे और टीवी खराब हो गये। इसी प्रकार पड़ोस के अन्य लोगों के भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खराब हुए हैं । रात्रि में हमारे द्वारा घर की खिड़की से तेज चमक देखी गई थी इससे यह लग रहा है कि मिश्रा नगर में ही कहीं बिजली गिरी है।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# मतदान की कसौटी पर : 18वीं लोकसभा के आम चुनाव

आगामी 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव सात चरणों और 44 दिनों में होंगे। मतों की गिनती 4 जून को होगी। यह एलान चुनावी प्रक्रिया की एक औपचारिक शुरुआत का प्रतीक है। लेकिन चुनाव प्रचार भारतीय राजनीति का एक ऐसा शाश्वत मामला बन गया है, मानो सत्तारूढ़ भाजपा के 'एक राष्ट्, एक चुनाव' के आह्वान को सही ठहराना हो। भाजपा का तर्क है कि 'एक राष्ट्, एक चुनाव' से चुनाव प्रचार में लगने वाला समय कम हो जाएगा। एक साथ चुनाव और अन्य विवादास्पद सवाल लंबे समय तक चलने वाले चुनावी मौसम, जो दुनिया में कहीं भी इस किस्म की सबसे बड़ी कवायद है, का परिपेक्ष्य तैयार करते हैं। भारत के पास जहां अपने जीवंत लोकतंत्र और स्फूर्तिदायक विविधता पर गर्व करने की पर्याप्त वजहें हैं, वहीं इस दिशा में किया गया एक ईमानदार आत्मनिरीक्षण बुद्धिमानी भरा साबित हो सकता है। वर्ष 2019 से, भारत में तेजी से और बड़े पैमाने पर कई अच्छे एवं बुरे बदलाव हुए हैं । स्वाभाविक रूप से, भाजपा अपने दूसरे कार्यकाल को प्रगति और समृद्धि के युग के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। उसका यह प्रचार जहां ज़ोर-शोर से चल रहा है, वहीं विपक्ष की ओर से इसकी आलोचना करने की कोशिशें कमजोर रही हैं। यह बेमेल प्रतिस्पर्धा काफी हद तक दूसरे दलों और राजनीतिक प्रक्रिया में संलग्न मीडिया, नौकरशाही एवं निजी क्षेत्र जैसे तत्वों को प्रभावित करने के लिए भाजपा द्वारा की गई राज्य की शक्ति के दुरुपयोग का नतीजा है। अंतर्निहित समस्याएं विपक्ष को और कमजोर करती हैं। तथ्य यह है कि प्रमुख विपक्षी दल के बैंक खाते को एक कथित प्रक्रियात्मक चूक, जोकि साबित होने पर भी एक छोटी सी चूक ही है, के आधार पर प्रतिबंधित किया जाता है। यह हरकत काफी कुछ बताती है कि राज्य की एजेंसियां किस कदर पलड़े को एक तरफ झुका रही हैं।

चुनावी बॉन्ड योजना, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक करार दिया है, से जुड़े अब तक हुए तमाम खुलासे भी चुनाव प्रक्रिया में घटती निष्पक्षता के एक बेहद चिंताजनक रूझान को दर्शाते हैं। हालात के मद्देनजर, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के लिए चुनाव प्रक्रिया को न सिर्फ निष्पक्ष बनाये रखना बल्कि उसे ऐसा दिखना भी सुनिश्चित करना एक मुश्किल भरा काम होगा। ईसीआई के एक सदस्य के अचानक पद छोड़ देने और जल्दबाजी में की गई दो नए सदस्यों की नियुक्ति से यह चुनौती और भी जटिल हो गई है। ईसीआई के सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया विवादास्पद बनी हुई है, क्योंकि इसमें पूरा नियंत्रण राजनीतिक कार्यपालिका ने खुद को दे दियहै। विपक्षी नेताओं ने इतने लंबे चुनाव कार्यक्रम की जरूरत पर सवाल उठाया है। पश्चिम बंगाल में, जहां भाजपा हर दांव आजमा रही है, चुनाव को सभी सात चरणों में फैला दिया गया है। जहां ईसीआई का इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का बचाव करना जायज है, वहीं इस मशीनों पर जनता का भरोसा सुनिश्चित करने के लिए उसे और ज्यादा प्रयास करने की जरूरत है। चंदा देने वालों के निजता के अधिकार के दावे और मतदाता के सूचना के अधिकार के बीच के टकराव में, ईसीआई का टालमटोल वाला रवैया नामुनासिब है। खासकर, अदालत द्वारा इस मसले का निपटारा कर दिए जाने के बाद। ईसीआई को यह पता होना चाहिए कि जब इस दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक कवायद का आकलन करने की बात आती है, तो सभी की निगाहें उस पर होती हैं।

# तो चौकीदार नहीं हमारी ईवीएम चोर है....

तीन कम नब्बे के डॉ फारुख अब्दुल्ला यदि झूठ बोलें तो उन्हें कौआ काटे। फारुख साहब का कहना है कि दरअसल चोर तो हमारी ईवीएम है, इसलिए आम चुनाव में जब वोट डालें तो ईवीएम को ठोक - बजाकर देख जरूर लें।पर्चियों का मिलान कर लें ,अपने वोट की रक्षा कारण क्योंकि वोट है आपका । खानदानी नेता डॉ फारुख अब्दुल्ला तजुर्बेकार नेता भी हैं। रंगीन तबियत के हंसमुख नेता हैं। प्रगतिशील हैं, धर्मनिष्ठ और धर्मनिरपेक्ष नेता हैं। मुझे निजी तौर पर पसंद हैं। मोदी जी से ज्यादा, फारुख साहब पसंद हैं, अलवत्ता वे प्रधानमंत्री नहीं हैं। राष्ट्रपति नहीं है। अब होंगे भी नहीं। वैसे उन्होंने प्रधानमंत्री बनने का ख्वाब तो जरूर देखा होगा। भले ही वे प्रधानमंत्री नहीं बने लेकिन वे देश के किसी भी प्रधानमंत्री से ज्यादा चर्चित और लोकप्रिय नेता हैं। सलीकेदार हैं। किसी को अछूत नहीं मानते।

ईवीएम को चोर कहना उतना ही बड़ा दुस्साहस है जितना कि किसी चौकीदार को चोर कहना है। हमारे यहां मिस्टर क्लीन की छवि के एक प्रधानमंत्री राजीव गांधी को भी इस देश में चोर कहा गया। हालांकि राजीव गांधी को चोर कहने वाले लोग इलेक्टोरल बांड के जरिए 60 अरब की चोरी करते रंगे हाथों पकड़े गए, लेकिन दुर्भाग्य न चोरी का पैसा राजसात किया गया और न किसी को इस असंवैधानिक और आपराधिक मामले में जेलों में भेजा गया। हमारे यहां किसी को जेल भेजना या तो बेहद आसान काम है या बेहद कठिन।

देश में ईवीएम की विश्वसनीयता पहले दिन से संदिग्ध रही है। भाजपा के 10 साल के शासनकाल में ये अविश्वास कम होने के बजाय बढ़ा है।2019 के आमचुनाव भी उसी संदिग्ध ईवीएम से कराए गए थे जिससे कि 2024 के चुनाव कराए जा रहे हैं।आपको याद होगा की 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने इसी ईवीएम मशीन के जरिये चुनाव लड़ते हुए विपक्ष का सूपड़ा साफ़ कर दिया था और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसे तमाम अजेय नेताओं को पराजित कर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। अकेले भाजपा को 303 सीटें और 37 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे।

चुनावों में सूपड़ा साफ़ करना एक तकनीक नहीं है । इसके लिए या तो अंडर करेंट की जरूरत पड़ती है या किसी चमत्कार की। जिस लक्ष्य को भाजपा ने 2019 में पार किया था उसे कांग्रेस 1952 ,57 ,62 ,71 और ,80 में पहले ही पार कर चुकी है । भाजपा के 2024 के निर्धारित लक्ष्य 400 को




भी कांग्रेस ने 1984 में बिना गठबंधन के अकेली दम पर 404 सीटें जीतकर हासिल कर दिखाया था। इसके लिए कांग्रेस को किसी अवतार की जरूरत नहीं पड़ी थी । तब ईवीएम नहीं बल्कि कागज की पर्चियां थीं। कांग्रेस की दुर्दशा तो 2009 के बाद से होना शुरू हुई है। इस दुर्दशा में कांग्रेस का नेतृत्व और ईवीएम दोनों बड़े कारण हैं। दुर्भाग्य ये है कि ईवीएम को सरे आम चोर कहने वाले लोग अभी तक ईवीएम के खिलाफ खड़े नहीं हो पाए हैं। ईवीएम को लेकर सभी विपक्षी दलों का व्यवहार अस्पष्ट है।विपक्ष गुड़ भी खाना चाहता है और गुलगुलों से परहेज़ भी करना चाहता है।

मुझे ये लिखने में कोई संकोच नहीं है कि विपक्षी दल उन तमाम मुद्दों को लेकर देश में सरकार के विरुद्ध कोई आंदोलन अब तक खड़ा नहीं कर पाया। यानि ईवीएम चोर कही जाती है किन्तु कोई भी विपक्षी दल ईवीएम के बहिष्कार की बात नहीं कर रहा।विपक्ष न ईवीएम को मुद्दा बना पाया न इलेक्टोरल बांड को। विपक्ष अभी तक कोई निर्णायक और अपीली करने वाला मुद्दा बना ही नहीं बना सका।विपक्ष की यही कमजोर नस है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के मुम्बई में समापन के मौके पर डॉ फारुख अब्दुल्ला ने एक बार फिर से ईवीएम का राग अलापकर कांग्रेस ही नहीं बल्कि बाक़ी के राजनीतिक दलों की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। डॉ अब्दुल्ला ने कहा है कि जिस दिन इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा उसी दिन से ईवीएम का भी अंत हो जाएगा।

फिलहाल तो डॉ अब्दुल्ला का दावा हवा -हवाई है । न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी । इंडिया गठबंधन जिस तरीके से लोकसभा चुनाव लड़ रहा है उसे देखकर नहीं लगता की डॉ फारुख अब्दुल्ला का सपना 2029 में पूरा हो पायेगा । देश से ईवीएम को विदा करना है तो पहले ईवीएम के सहारे एक दशक से जादू कर रखी भाजपा को सत्ता से हटाना होगा। ये असम्भव नहीं किन्तु कठिन काम जरूर है क्योंकि इस समय देश में किसी भी दल के पास भाजपा जैसा संगठनात्मक ढांचा, मजबूत अर्थशास्त्र और भव्य,दिव्य तथा अवतारी नेता नहीं है। भाजपा का नेतृत्व इस समय जो चाहे सो रूप धर सकता है।इस समय भाजपा कामरूप है। उसके पास धनबल,बाहुबल और छलबल इफरात में है। इस मामले में कांग्रेस समेत समूचा विपक्ष कंगाल है ,फटेहाल है।


आपको बता दूँ कि तमाम अविश्वास के बावजूद भारत में मतदाताओं की मौजूदा चुनाव प्रक्रिया में दिलचस्पी बरकरार है । देश के पहले चुनाव में जहाँ 45 फीसदी मतदाताओं ने चुनाव में हिस्सा लिया था वहीं पिछले आम चुनाव में ये भागीदारी 68 फीसदी तक पहुँच गयी था । इस बार ये प्रतिशत यदि बढ़ता है तो समझा जाएगा कि आम जनता को ईवीएम से कोई शिकायत नहीं है ,शिकायत केवल राजनीतिक दलों को है। और यदि ये भागीदारी कम होती है तो समझा जाएगा कि ईवीएम का विरोध जायज है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन समारोह में डॉ फारुख अब्दुल्ला ही नहीं जम्मू-कश्मीर से पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ़्ती भी थीं और बिहार से तेजस्वी यादव भी ,तमिलनाडु से स्टालिन भी। सबके स्वर एक जैसे थे ,लेकिन ईवीएम के विरोध को लेकर केवल और केवल डॉ फारुख अब्दुल्ला बोले।

लोकसभा चुनाव में लड़ाई मुद्दों से हटकर चेहरों पर सिमट गयी है । चुनाव में एक ही मुद्दा है और वो है भाई नरेंद्र मोदी जी। मोदी जी हर तरह से भाई है । उनका भाईचारा पूरे देश ने देखा है ,देख रहा है। मोदी जी का मुकाबला राहुल गांधी के भाईचारे से नहीं है ,क्योंकि विपक्ष ने अब तक अबकी बार राहुल गांधी की सरकार का नारा नहीं दिया है। नारा अबकी बार इंडिया गठबंधन की सरकार का भी ढंग से नहीं गूंजा है । विपक्ष को एक स्पष्ट नारा ,एक स्पष्ट चेहरा भी मोदी जी के मुकाबले रखना चाहिए था ।खैर अब देर हो चुकी है । विपक्ष को सत्तापक्ष से कैसे लड़ना है ये विपक्ष जाने । हमारा काम हम कर रहे हैं। मतदाताओं को अपना काम करना चाहि। मतदाता 60 अरब कमाने मवालों के मुकाबले केवल दो रूपये की रियायत पर ही मुतमईन रहना चाहती है तो रहे ,अन्यथा 1975 की तरह समग्र क्रांति का पर्याय तलाशे।या 1985 की तरह व्यक्त आ चुका है जैसा कोई नारा उछाले ! जय सिया राम

**-राकेश अचल**

# चुनावी बांड पटाक्षेप और गुलाम मीडिया में पसरा सन्नाटा

लोकसभा चुनावों से ठीक पहले सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर आख़िरकार भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड ख़रीद का विस्तृत डेटा अदालत को पेश कर ही दिया। साथ ही यह भी सार्वजनिक कर दिया कि इन इलेक्टोरल बांड के माध्यम से किस राजनैतिक दल को कितने पैसे प्राप्त हुये। जैसा कि पहले भी होता आया है कि सत्तारूढ़ दल को ही प्राय: सर्वाधिक चंदा मिला करता है । इस बार भी सत्तारूढ़ दल यानी भारतीय जनता पार्टी को ही सबसे अधिक चुनावी चंदा हासिल हुआ। परन्तु बात केवल सर्वाधिक चंदा प्राप्त करने तक ही सीमित नहीं है। बल्कि इस लेनदेन के और भी कई ऐसे संदिग्ध पहलू हैं जिनके आधार पर विपक्ष भारतीय जनता पार्टी पर यह कहकर हमलावर है कि भाजपा द्वारा चुनावी बॉन्ड ख़रीद के नाम पर न केवल चंदे का धंधा यानी चंदा देदो -धंधा ले लो का अनैतिक खेल खेला गया है बल्कि कई ऐसी कंपनियों से भी चंदे ऐंठे गए हैं जिनपर पहले तो ई डी,आई टी या सी बी आई द्वारा छापेमारी की गयी उसके फ़ौरन बाद ही इन्हीं कंपनियों ने इलेक्टोरल बांड ख़रीद लिये। और इलेक्टोरल बांड की ख़रीद होते ही इन पर की गयी ई डी,आई टी या सी बी आई की कार्रवाही ठन्डे बास्ते में चली गयी। विपक्ष का यह भी आरोप है कि इलेक्टोरल बांड ख़रीदने वाली कई कम्पनियाँ भी फ़र्ज़ी हैं। जबकि कई ऐसी कंपनियों ने भी चुनावी बॉन्ड ख़रीदे हैं जिनकी कमाई तो बहुत ही कम है परन्तु उन्होंने अपनी कमाई से कई गुना अधिक के बांड ख़रीदे। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा चंदा दो, धंधा लो, हफ़्ता वसूली,ठेका लो, रिश्वत दो, मनी लॉन्ड्रिंग के लिए फर्ज़ी कंपनियां जैसी भ्रष्ट नीतियां अपना रही है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा उपलब्ध कराये गये डेटा के अनुसार जिन कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे हैं उनमें फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज़ ,मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रा स्ट्रक्चर लिमिटेड,वेदांता लिमिटेड,लक्ष्मी मित्तल, भारती एयरटेल, डीएलएफ़ कामर्शियल डेवलपर्स,ग्रासिम इंडस्ट्रीज़, पीरामल एंटरप्राइज़ेज़ , टोरेंट पावर, अपोलो टायर्स, एडलवाइस, पीवीआर, केवेंटर, सुला वाइन, वेलस्पन, और सन




फ़ार्मा जैसी अनेक कंपनियां शामिल हैं। सबसे ज़्यादा क़ीमत के इलेक्टोरल बॉन्ड फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज़ और मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा ख़रीदे गये हैं। फ़्यूचर गेमिंग और होटल सर्विसेज़ ने 1,368 करोड़ रुपये के बांड ख़रीदे हैं जबकि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड द्वारा 966 करोड़ रुपये के चुनावी बांड ख़रीदे गये।

न खाऊंगा न खाने दूंगा का दंभ भरने वाली वर्तमान भाजपा सरकार 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से इस चुनावी बांड योजना को लाई थी जिसे 2018 में लागू कर दिया गया था। हालांकि बीजेपी सहित कांग्रेस, एआईएडीएमके, बीआरएस, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआर कांग्रेस, डीएमके, जेडीएस, एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस, जेडीयू, आरजेडी, आप और समाजवादी पार्टी जैसी पार्टियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से राशि प्राप्त की है। परन्तु अप्रैल 2019 और जनवरी 2024 के बीच चुनावी बॉन्ड के माध्यम से भाजपा को 6,060.51 करोड़ रुपये का सबसे अधिक चंदा हासिल हुआ है। सबसे अधिक धनराशि का बांड ख़रीदने वाली तमिलनाडु की कंपनी फ़्यूचर गेमिंग को 2019 में जितना लाभ हुआ था,इस कंपनी ने उसका छह गुना अधिक इलेक्टोरल बॉन्ड से चंदा दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार 2022-23 में इस कंपनी को टैक्स देने के पहले 82 करोड़ का मुनाफ़ा हुआ था और इसने 328 करोड़ का चंदा दिया था। इसी कंपनी ने चार साल में 1368 करोड़ के बॉन्ड ख़रीदे हैं। इसी तरह मेघा इंजीनियरिंग इंफ़्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एमईसीएल ने भी 966 करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस का आरोप है कि मेघा इंजीनियरिंग ने कलेश्वर लिफ़्ट इरिगेशन योजना के अंतर्गत मेड गुडा बराज का निर्माण किया जिसके कई खंभों में दरारें पड़ गई हैं क्योंकि इसमें घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। और इस कम्पनी ने तेलंगाना की जनता का 1,00,000 करोड़ रुपया चोरी किया गया है। इलेक्टोरल बांड ख़रीद के माध्यम से हुये भ्रष्टाचार के बाद सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्टेट बैंक के प्रति बरती गयी सख़्ती का नतीजा यह हुआ था कि 11 मार्च को ही स्टेट बैंक से निवेशकों का भरोसा टूटने लगा था तभी स्टेट बैंक के शेयर्स में दो प्रतिशत की गिरावट भी दर्ज की गयी थी।

सवाल यह है कि चुनावी चंदे के धंधे को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद स्टेट बैंक इंडिया के घुटनों पर आने,विपक्ष द्वारा इस विषय पर हमलावर होने और पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी से कराने और इसे दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी चंदा घोटाला बताने के बावजूद इसी मुद्दे पर आख़िर भारतीय मीडिया को क्यों सांप सूंघ गया है ? देश का सबसे बड़ा घोटाला और उसपर मीडिया की ख़ामोशी, क्या इस बात का संकेत नहीं कि जो भारतीय मीडिया जहाँ सत्ता का गुणगान करने में कोई कसर बाक़ी नहीं छोड़ता वही उसकी कमियों,अनियमितताओं,अनैतिक आचरण तथा आर्थिक घोटाले पर भी पर्दा डालने में खुलकर सत्ता का साथ दे रहा है ? कहना ग़लत नहीं होगा कि भारतीय मीडिया इस समय ह्रास,पतन और बेशर्मी के उत्कर्ष के दौर से गुज़र रहा है। क्या लोकतंत्र का स्वयंभू चौथा स्तंभ धराशायी हो चुका है ? सत्ता के लिए दर्पण रुपी भूमिका अदा करने वाली पत्रकारिता आज सत्ता के ग़ुलाम की भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि सत्ता को आइना दिखने वाले अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकार अपनी नौकरी गंवा चुके हैं और अपने विभिन्न निजी सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर अपना कर्तव्य पूरी ज़िम्मेदारी से निभा रहे हैं। इलेक्टोरल बांड सम्बन्धी विस्तृत जानकारियां भी देश को मुख्य धारा के मीडिया से नहीं बल्कि सोशल प्लेटफ़ॉर्म पर सक्रिय अनेक कर्तव्यनिष्ठ पत्रकारों की ही देन है।

यह पत्रकारिता के इसी अंधकार मय युग की ही देन है कि अनेक टी वी एंकर पार्टी प्रवक्ता की भूमिका अदा करते नज़र आ रहे हैं। आउट डोर रिपोर्टिंग में पत्थरकारों द्वारा नागिन डांस किया जा रहा है। विपक्ष की ख़बरों को न केवल ब्लैक आउट कर दिया गया है बल्कि सवाल भी विपक्ष से ही पूछे जा रहे हैं। एक पत्रकार की आवाज़ को दबाने के लिये पूरा का पूरा मीडिया हाउस ख़रीदा जा रहा है। न जाने कितने बाज़मीर पत्रकारों ने ग़ुलाम मीडिया हॉउस के साथ काम कर अपना ज़मीर बेचने से इंकार कर दिया है। पार्टी विशेष के कई लोग व उनके शुभचिंतक उद्योगपति अपने अपने मीडिया हॉउस चलाकर सत्ता का गुणगान कर रहे हैं। करण थापर और विजय त्रिवेदी जैसे पत्रकारों ने एक दशक पूर्व साहब को ऐसा दर्पण दिखाया कि साहब ने दर्पण देखना ही बंद कर दिया है । गोया सत्ता केवल अपने मन की बात कर इकतरफ़ा संवाद पर भरोसा कर रही है। और मुख्य धारा का मीडिया सत्ता के कवच की भूमिका निभा रहा है। यही वजह है कि मणिपुर की घटना की ही तरह चुनावी बांड घोटाले पर भी सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले के बाद हुये पटाक्षेप पर ग़ुलाम मीडिया में पूरी तरह सन्नाटा पसरा हुआ है।

**- तनवीर जाफ़री**

## (कहो तो कह दूं)

### इधर टिकट कटी, उधर पोस्टर से फोटो हटी....

मध्य प्रदेश के बालाघाट लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद ढाल सिंह बिसेन साहेब इन दोनों बहुत ज्यादा दुखी हैं और उनके दुखी होने के दो कारण है पहला कि पार्टी ने उनकी टिकिट काट दी और दूसरा ये कि उनकी जगह जिस महिला प्रत्याशी को टिकट मिला उसके सम्मान में शहर में जो पोस्टर और होर्डिंग लगाए गए थे उसमें से अपने बिसेन साहब की फोटो गायब थी जबकि पोस्टर में पार्षदों तक की फोटुए खिलखिला रही थी। अपनी इस उपेक्षा से बेहद दुखी मन से बिसेन साहब ने एक ट्वीट किया है कि मेरा फोटो हटा दिया गया । इतने बरस हो गए बिसेन जी को राजनीति करते-करते उन्हें इतनी सी बात समझ में नहीं आई कि ये तो राजनीति है जब तक आप पोस्ट पर हो तब तक आपकी जय जय कार है और जिस दिन पद से हटे उस दिन से आप आम आदमी बन जाते हो, लेकिन दिक्कत ये है कि जो नेता एक बार किसी पद पर पहुंच जाता है तो फिर उसे जय जय कार करवाने की, होर्डिंग्स और बैनर में फोटो छपवाने की लालसा जिंदगी भर के लिए बन जाती है फिर चाहे वह पद पर रहे ना रहे। ढाल सिंह बिसेन साहब तो फिर भी सांसद थे दूर क्यों जाते हो अपने मामा जी को ही देख लो सत्रह साल तक मध्य प्रदेश में राज किया लेकिन जैसे ही मुख्यमंत्री बदले तमाम होर्डिंग्स और पोस्टरों से मामा जी की तस्वीर गायब हो गई और उन्हें कहना पड़ा कि मेरी फोटो ऐसी गायब हुई जैसे गधे के सर से सींगतो ये तो राजनीति का स्वभाव है इधर आपकी टिकट कटी उधर पोस्टर से आपकी फोटो हटी इसमें दुखी होने की क्या बात है? बहुत साल मजे कर लिए सत्ता में रहने के अब यदि टिकट नहीं मिल पाई तो इतना रंज किस बात का, ये तो दुनिया का उसूल है कि उगते सूरज को सब सलाम करते हैं और जब सूरज ढलता है तो लोग उस पर नजर भी नहीं डालते ढाल सिंह बिसेन जी आप भी ढलता सूरज हो इसलिए अब आपकी तरफ कोई नहीं देखेगा समझ लो जितने दिन किस्मत ने साथ दिया था इतने दिन सत्ता का सुख भोग लिया अब दूसरों को मौका भी तो मिलना चाहिए लेकिन दिक्कत ये है कि राजनीति का कीड़ा जिसके अंदर एक बार घुस जाता है फिर उसको निकालना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन हो जाता है वही कीड़ा आपके अंदर घुसा हुआ है जो आपको भीतर ही भीतर कचोट रहा है लेकिन अब हाथ में कुछ है नहीं, ज्यादा से ज्यादा दुखी हो सकते हो एकाध बयान दे सकते हो, ट्वीट कर सकते हो इसके अलावा और कुछ आपके बस में है नहीं। उमा भारती को देख लो जिनके दम पर मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को जबरदस्त जीत मिली थी उनके क्या हाल है बेचारी तरह-तरह के बयान दे कर अपने वजूद को बरकरार रखने की कोशिश करती है लेकिन कोई गंभीरता से लेता ही नहीं है, आप भी ये सोच लो कि आपका समय गया जितनी जल्दी ये समझ लोगे तो शायद दुखी नहीं होगे और फिर दुखी होने से ऐसा तो है नहीं कि फिर से होर्डिंग्स और पोस्टर में चमकने लगो अपनी तो एक ही सलाह है की साहेब जी अब पुराने दिन भूल जाओ और एक साधारण आदमी की तरह जिंदगी गुजारो उसी में आपका फायदा है।

### बिश्नोई जी को गुस्सा क्यों आता है

कुछ बरस पहले नसीरुद्दीन शाह अभिनीत एक फिल्म आई थी जिसका नाम था अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है पिछले कुछ लंबे समय से अपने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय बिश्नोई अल्बर्ट पिंटो बन चुके हैं शिवराज सरकार में महाकौशल की उपेक्षा को लेकर उन्होंने कई बयान दिए थे मसलन महाकौशल फड़फड़ा सकता है उड़ नहीं सकता अब उनका एक बयान इन दिनों सोशल मीडिया पर जबरदस्त रूप से वायरल हो रहा है जिसमें उन्होंने चंडीगढ़ के एक अस्पताल में अपना इलाज करवाते वक्त जारी किया था जिसमें उन्होंने जबलपुर लोकसभा के लिए तय किए गए भाजपा के वर्तमान प्रत्याशी आशीष दुबे की उम्मीदवारी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि पार्टी के निर्णय का स्वागत है हमें यह भूलना होगा कि हमारे चुनाव में आशीष जी ने पार्टी के विरोध में काम किया था यानी इशारे इशारे में उन्होंने आशीष दुबे की उम्मीदवारी पर अपना गुस्सा जाहिर कर दिया था भले ही आशीष दुबे उन्हें अपना वरिष्ठ मानते हुए उनके बयान से कन्नी काट रहे हो लेकिन पार्टी में इस बात को लेकर बड़ी चर्चा है। वैसे इस बात के लिए अजय भैया की हिम्मत की दाद तो देना ही पड़ेगा कि जिस भारतीय जनता पार्टी में कोई इतनी हिम्मत नहीं करता कि वो पार्टी के निर्णय के खिलाफ कोई बयान दें ऐसे में अजय भैया ने अपना गुस्सा निकाल कर दिखा दिया कि उन्हें जो सही लगता है वे बयां कर देते हैं पार्टी उनके साथ क्या करती है यह अलग बात है लेकिन पार्टी के भीतर इस बात को लेकर चर्चा जरूर है की अजय भैया इतने गुस्सैल आखिर कैसे हो गए हैं।

### इसमें तो फर्स्ट आ गए

लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग ने जो तिथियां घोषित की हैं उसके हिसाब से पूरे जबलपुर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं को चुनाव आयोग का बार-बार धन्यवाद अदा करना चाहिए कि कम से कम उसने मतदान में तो जबलपुर को नंबर वन पर रख दिया वरना जबलपुर तो हर चीज में पिछड़ा ही माना जाता है चाहे वह विकास का मुद्दा हो, उद्योगों की स्थापना की बात हो, सफाई का मसला हो, राजनेतिक प्रतिनिधित्व की बात हो ,हवाई उड़ानों का मामला हो हर जगह जबलपुर फिसड्डी रह जाता है लेकिन मतदान में जबलपुर को जो पहला नंबर मिला है उसको लेकर पूरी संस्कारधानी हर्षित है यहां के नागरिकों को लग रहा है कि कम से कम इस मामले में तो जबलपुर अव्वल आ गया ,ये बात अलग है कि इसमें ना तो लोगों का कोई हाथ है ना यहां के जनप्रतिनिधियों का। अपने को तो लगता है कि जबलपुर की उपेक्षा का मसला और उसके फिसड्डी होने की खबर जरूर चुनाव आयोग के पास पहुंची होगी और उनको लगा होगा कि चलो एक बार इसी बहाने जबलपुर को नंबर वन तो बना दें इसी में यहां के लोग खुश हो जाएंगे और सही बात भी है पहले चरण के चुनाव में जब से जबलपुर का नाम आया है तब से हर जबलपुर वासी की छाती 56 इंच की हो गई है और वह कहता फिर रहा है कि लोग कहते थे जबलपुर फिसड्डी है अब देखो वोट डालने में सबसे पहला नंबर जबलपुर का ही है अपनी तरफ से भी चुनाव आयोग और उनके आयुक्त को बार-बार धन्यवाद, आभार, शुक्रिया कि कहीं तो उन्होंने जबलपुर की लाज रख ली।

### सुपर हिट ऑफ़ द वीक

श्रीमती जी श्रीमान जी को डॉक्टर के पास ले गई...

.डॉक्टर ने कहा - इन्हें अच्छा खाना दो, हमेशा खुश रखो,घर की कोई परेशानी इनसे डिसकस मत करो,

फालतू की फरमाइशें करके इनकी चिंता मत बढ़ाओ तो ये छह महीने में बिल्कुल ठीक हो जाएंगे...!

रास्ते में श्रीमान जी ने श्रीमती जी से पूछा - क्या कहा डॉक्टर ने... ?

-कुछ नहीं डॉक्टर ने भी जवाब दे दिया है श्रीमती जी ने उत्तर दिया।

**- चैतन्य भट्ट**

# बेमौसम बारिश से फसलों व सामान्य जनजीवन पर पड़ रहा असर

लांजी( पद्मेश न्यूज़ )। क्षेत्र में पिछले दो दिनों से रोजाना शाम को मौसम में परिवर्तन देखा जा रहा है, जिससे फसलों के साथ ही सामान्य जनजीवन पर भी असर पड़ रहा है। 16,17 व 18 मार्च को अचानक मौसम बदल गया सुबह निकली चटक धूप के बाद दोपहर में मौसम ने पलटी मारी और आसमान पर काले बादल छा गए और शाम होते ही धूल भरी आंधी चलने लगी। कुछ देर बाद उमड़ घुमड़ कर बादल बरस गए।क्षेत्र में कहीं कम तो कहीं झमाझम बारिश ने लोगों को तरबतर कर दिया। बारिश के बाद मौसम तो सुहाना हो गया लेकिन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई। तेज हवाओं, बिजली चमक



के साथ पड़ी बौछारों आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। बिजली व्यवस्था काफी समय तक ध्वस्त हो गई।

### तेज आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

क्षेत्र में अचानक हुई बारिश व आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवा के साथ हुई हल्की बारिश से किसानों की रबी की धान व गेंहू की फसल पर प्रभाव पड़ा है। वहीं ईंट भट्ठा व्यवसाय को भी भारी नुकसान पहुंचा है। क्षेत्र के अनेक हिस्सों में अचानक हुई बेमौसम बारिश ने सामान्य जनजीवन पर असर डाला। तेज हवा के साथ हुई जोरदार बारिश से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं धान, चना, गेंहू, आम की फसलों और ईंट भट्ठा व्यवसाय को भारी नुकसान पहुंचा है।

# महाविद्यालय के स्वयं सेवकों लिया राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बाल संरक्षण का प्रशिक्षण

लांजी(पद्मेश न्यूज़)। यूनिसेफ के सहयोग से संचालित कार्यक्रम卐यूथ एज चैंपियन फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्यक्रम卐 अंतर्गत स्वयं सेवकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्देशक आवाज़ संस्था भोपाल द्वारा आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ द्वारा बाल संरक्षण पर प्रदेश में जन जागरण अभियान व प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तकनीकी सहायक संस्था आवाज़ द्वारा किया जाता हैं। इसी संदर्भ में बालाघाट जिले में 15 एवं 16 मार्च को दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे शासकीय महाविद्यालय लांजी से 12 स्वयंसेवक बालसंरक्षण क्लब के सम्मिलित होकर प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में दीपकुमार दौने, लेकेश कुमार घोरमारे, हर्षा रणदिवे, अतुल शेण्डे, मुस्कान शुक्ला, जेबा मिर्जा, अक्षय बड़घैया, निक्की धारणे, निलम गजबे, पुजा इनवाती, ममता बिसेन, काजल घरते ने भाग लेकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने पर महाविद्यालय के प्राचार्य आर. आर. सोनवाने, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती




प्रो. कांता वर्मा, प्रो. गोलू परते एवं अन्य स्टाफ द्वारा बधाई देकर शुभकामनाये प्रेषित की गई।

# प्रारंभ हुआ होलाष्टक, 8 दिनों तक नहीं होंगे शुभ कार्य

लांजी(पद्मेश न्यूज़)। ज्योतिष के नजरिए से होलाष्टक दोष माना जाता है जिसमें विवाह, गर्भाधान, गृह प्रवेश, निर्माण आदि शुभ कार्य वर्जित हैं। इस वर्ष होलाष्टक 17 मार्च से प्रारंभ होकर 24 मार्च तक का



समय होलाष्टक का रहेगा। 24 मार्च को होलिका दहन के साथ इसकी समाप्ति होगी। होलाष्टक के शाब्दिक अर्थ पर जाएं तो होला+अष्टक अर्थात होली से आठ दिन पूर्व का जो दिन होता है वह होलाष्टक कहलाता है। इसलिए होलाष्टक शुरू होने से होलिका दहन तक सभी शुभ कामों को टाल देना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि अगर इन दिनों कोई शुभ काम किया जाता है तो उसमें बार-बार विघ्न आता है। इसलिए इस दौरान शादी, नामकरण संस्कार, ग्रह प्रवेश और भी मांगलिक कार्यों नहीं करने चाहिए। ऐसा भी माना जाता है कि वैज्ञानिक एवं पौराणिक विवरण के अनुसार होली के आठ दिन पूर्व अर्थात फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से प्रकृति में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश हो जाता है।

### ग्रामीण अंचलों में माला बाटने की परम्परा

महाराष्ट्र की सीमा से लगे होने के चलते होली पर्व पर आज भी ग्रामीण अंचलों में शक्कर की चासनी से बनी गाठी-माला एक दुसरे को भेंट करने व बच्चों के गले में पहनाने की परम्परा बरकरार है। इसके चलते होटलों में शक्कर की मालाएं बनाई जा रही है इनकी दुकानें सज गई है। परम्परागत रूप से माला बनाने का कार्य करने वाले अनुभवी कारागीर इस कार्य को कर पाते है। पिछले कई वर्षो से माला बनाने वाले भवानी किरनापुरे ने बताया कि भट्टों में शक्कर का पाक बनाकर सांचे में धागा बांधकर तैयार किया जाता है। सांचों में चासनी डालकर कुछ देर सुखाया जाता है और बाद में धिरे से निकाल लिया जाता है, इस तरह माला तैयार हो जाती है।पंचमी पर्व तक बिकती है मालाएं केवल होली पर्व पर बनने वाली चासनी की मालाओं का अपना एक अलग ही सीजनेबल कारोबार है। लगभग पंचमी पर्व तक बिकने वाली मालाएं कुछ ही होटलों में 100 ग्राम से लेकर सवा किलो तक की बनाई जा रही है। यहां बनने वाली मालाओं की मांग दूर-दूर तक होती है, विशेषकर ग्रामीण अंचलों के लोग इसे होली पर्व पर जरूर खरीदते है। पंचमी पर्व तक बाजार में इन मालाओं की मांग बनी रहती है।

# अंतरराज्यीय बॉर्डर पर चेकपोस्ट स्थापित कर की जा रही है सतत् निगरानी






लांजी(पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र में आगामी 19 अप्रैल को मतदान होना है चुनाव आयोग के द्वारा जैसे ही तारिखों को ऐलान किया गया वैसे ही प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। सभी तरह की तैयारियों पूर्ण की जा रही है ताकि निष्पक्ष और शांति रूप ढंग से आगामी लोकसभा चुनाव 2024 पूर्ण करवाया जा सके। इसी परिपेक्ष में सर्वप्रथम जिला निर्वाचन अधिकारी गिरिश मिश्रा के आदेशानुसार सभी सीमावर्ती क्षेत्रों ग्रामों की सीमाऐं सील कर दी गई है और सतत निगरानी रखी जा रही है। जिले में दो तरह के नाके स्थापित किये गए है। इसमें अंतरराज्यीय बॉर्डर और अंतर जिला बॉर्डर चेकपोस्ट शामिल है। जिले में 14 अंतरराज्यीय व 10 अंतर जिला चैकपोस्ट बनाई गई है। जहां दलों द्वारा निगरानी का कार्य किया जाने लगा है। इन सभी चेकपोस्ट पर वेबकास्टिंग/ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने कार्य किया जा रहा है। कई चेकपोस्ट पर स्थापित किये गए वेबकास्टिंग/ सीसीटीवी लगाकर आयोग की नजर में लाये गए है। इन चैक पोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच आयोग के निर्देश में की जा रही है। इसी कड़ी में लांजी क्षेत्र जो कि दो राज्यों की सीमा क्षेत्र में स्थापित है यहां पर भी प्रशासनिक अमले के द्वारा लांजी थाना अन्तर्गत लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम कुल्पा जो महाराष्ट्र सीमा को जोड़ता है तथा बहेला थाना अन्तर्गत रिसेवाड़ा टीमकीटोला जो कि छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा को जोड़ता है इन दोनों स्थानों पर लांजी एवं बहेला पुलिस के द्वारा अस्थाई पुलिस जांच चौकी स्थापित की गई है जो कि आवागमन कर रहे वाहनों पर सतत निगरानी रखी जा रही है। यहां पर पुलिस बल सहित अन्य विभागों के भी अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती की गई है। साथ ही आगामी समय में फोर्स के हवाले भी यह जांच चौकियॉ हो सकती है। उक्त दोनो ही जांच चौकी सहित अन्य क्षेत्र जो कि महाराष्ट्र एवं छत्तीसगढ़ राज्यों को जोड़ते है उन स्थानों पर भी सतत निगरानी की जा रही है। लांजी प्रशासनिक अमले में एसडीएम प्रदीप कुमार कौरव, एसडीओपी सत्येन्द्र घनघोरिया, सीईओ सफी मो. कुरैशी, तहसीलदार, थाना प्रभारी लांजी दिनेश सोलंकी, थाना प्रभारी बहेला, नायब तहसलीदार सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों का दल रोजना किसी भी वक्त निगरानी कर रहा है। बतादे कि इसके अतिरिक्त उक्त सभी चेक पोस्ट पर सीसीटीव्ही कैमरे भी लगाये जा चुके है जिससे भी वाहनो की जांच की जा रही है। प्रशासनिक दल के द्वारा देखा जा रहा है कि चुनाव के मद्देनजर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधिया तो संचालित नही की जा रही है इसी के रोकथाम के लिये यह जांच नाके स्थापित किये गये है।

**आवश्यकता है**
- रूम सर्विस - 02 पद
- साफ-सफाई कर्मचारी - 02 पद
- ड्राईवर - 01 पद

सैलरी-योग्यतानुसार
संपर्क-881-992-4499
होटल गौरव, मेन रोड, बालाघाट

**आवश्यकता है**
पाइप शोरूम कार्य हेतु युवती-2 पद
(वेतन चार अंको में)
नोट-अनुभवी को प्राथमिकता
संपर्क करें
आदिनाथ इंटरप्राइजेज
श्याम टॉकीज के पीछे, इतवारी गंज
बालाघाट, 9424766066
दुकान का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक

# मतदाता जागरूकता के तहत मतदान करने की दिलाई शपथ

लांजी(पद्मेश न्यूज़)। आगामी समय में होने वाले लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा चरणबद्ध कार्यक्रम निर्धारित किए गये है जिसके तहत आगामी 19 अप्रैल को बालाघाट सिवनी संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान होना है। पिछले समय संपन्न हुये विधानसभा चुनाव में लांजी क्षेत्र की जनता ने रिकार्ड तोड़ मतदान करते हुये जागरूक मतदाता का परिचय दिया। साथ ही प्रशासनिक स्तर पर चलाये जा रहे स्वीप कार्यक्रम भी खासे फलीभूत साबित हुये जिससे मतदाताओं ने मतदान के अधिकारों को पहचाना। नये मतदाताओं के साथ साथ बुजूर्ग एवं महिला मतदाता भी बड़े पैमाने पर मतदान केन्द्र पहुंचे और अपना अमुल्य मत दिया। अब दोबारा देश की सरकार चुनने की बारी आ गई है। मतदाताओं से फिर से अपील की जा रही है एवं जागरूकता लाई जा रही है जैसा आपने अपने विधानसभा चुनाव में रिकार्ड तोड़ मतदान किया वैसे ही अब आपको मतदान कर देश की सरकार चुनना है। यह आपके



उपर निर्भर करता है कि हमारे देश किनके हाथो में सुरक्षित है सही सरकार चुनने के लिये आपको आपके समीपस्थ मतदान केन्द्र में पंहुचकर मतदान करना होगा। क्योंकि यह आपकी अमूल्य ताकत है जिसका उपयोग आपको हर परिस्थिती में करना चाहिये। इन्ही सभी विषयो को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान और हम मतदान अवश्य करेंगे को लेकर शपथ दिलाई जा रही है। जिसके तहत 18 मार्च को नगर के रानी अवंती बाई स्टेडियम लांजी में जहां पर रोजाना बड़ी संख्या में खिलाड़ी होते है और वे आज के नये मतदाता भी है इन्हे लोकसभा चुनाव 2024 के स्वीकृत गतिविधियों के अंतर्गत मतदान जागरूकता की शपथ दिलाई गई । जिसमें मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान मध्य प्रदेश दीनदयाल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से राजाराम परते, अतीत फुलमारी , जितेंद्र तिड़के, प्रज्ञात वासनिक, विजय जायसवाल एवं दीपांकर भार्गव आदि उपस्थित रहे।

लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# 05 स्थायी वारंटी और एक जिला बदर के आरोपी को तिरोड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

कटंगी(पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तिरोड़ी पुलिस ने सोमवार को 05 स्थायी वारंटी और एक जिला बदर के अपराधी को गिरफ्तार



किया है. इन सभी आरोपियों को माननीय व्यवहार न्यायालय कटंगी के समक्ष पेश किया गया. जहां से सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. तिरोड़ी थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि देवरी बुजुर्ग से अपराधी अनतकुमार उर्फ अनतराम राहंगडाले को गिरफ्तार किया. जिसके खिलाफ भारतीय दंड विधा की धारा 188 और म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 14 में बालाघाट कलेक्टर ने जिले की सीमा से जिला बदर किया था. तिरोड़ी पुलिस ने ग्राम सीतापठोर से 05 स्थायी वांरटियों को भी गिरफ्तार है. इन आरोपियों के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9 में धारा 51(1) का मामला वर्ष 2017 से चला आ रहा है. सीतापठोर से पुलिस ने विनोद पिता जगनु, करम पिता अशरफ, महेश उर्फ कालू पिता मानकराम, मंगर पिता लक्ष्मण, कमलेश पिता किशन को गिरफ्तार किया है. जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. माननीय न्यायालय ने गिरफ्तार वांरटियों की गिरफ्तारी के आदेश तिरोड़ी पुलिस को दिए थे।

# गाज गिरने से मवेशी की मौत, महिला घायल

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम देवथाना में सोमवार को आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक पालतू मवेशी गाय की मौत हो गई जबकि एक 45 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हुई है. जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी लाकर भर्ती करवाया गया है.



घटना शाम करीब 06 बजे के आस-पास की बताई जा रही है. दरअसल, सोमवार की शाम करीब साढ़े 05 बजे अचानक से मौसम का मिजाज बदला और आसमान पर काले बादल मंडराने लगे इसी बीच तेज आंधी-तुफान और गरज के साथ बारिश भी हो गई. इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने से देवथाना में मवेशी की मौत हो गई और इंदु पति डालीराम पटले नाम की महिला भी झुलस गई. बताया जा रहा है कि अचानक से बारिश आने पर महिला मवेशियों को सुरक्षित स्थान पर बांधने के लिए लेकर जा रही थी तभी अचानक से आकाशीय बिजली गिरी. जिसकी चपेट में मवेशी और महिला दोनों आ गए।

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आरसीबी ने जीता डब्ल्यूपीए खिताब

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीए) खिताब जीत लिया है। आरसीबी ने खिताबी मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर ये खिताब अपने नाम किया। कैपिटल्स की टीम दूसरी बार खिताब नहीं जीत पायी है। वहीं पहले चरण में दिल्ली कैपिटल्स को फाइनल में मुंबई इंडियंस के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। आरसीबी की टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी और उसने धीमी शुरूआत के बाद भी मुकाबला अपने नाम कर लिया।

इस मैच में दिल्ली कैपिटल्स की टीम 18.3 ओवर में ही 113 रनों पर आउट हो गयी। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की टीम ने 19.3 ओवर में दो विकेट पर 115 रन बनाकर जीत दर्ज की। आरसीबी की ओर से ऋचा घोष ने नाबाद 17 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलायी। मंधाना ने 39 गेंद में 31 रन बनाये जबकि सोफी डिवाइन ने से 32 रन बनाये। एलिसे पैरी 35 रन बनाकर आउट नहीं हुईं।

आरसीबी ने इस प्रकार महिला (डब्ल्यूपीएल) में पहली बार खिताब जीता है। इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के 44 रन और कप्तान मेग लैनिंग के 23 रन की सहायता से टीम ने 43 गेंद में बिना विकेट खोये 64 रन बनाये। इसके बाद टीम ने तेजी से विकेट खो दिये। स्पिनर सोफी मोलिनू ने तीन विकेट लिए।

आरसीबी की श्रेयंका पाटिल ने 3.3 ओवर में ही 12 रन देकर चार विकेट लिए। दिल्ली कैपिटल्स के लिए बल्लेबाज लैनिंग और शेफाली ने अच्छी शुरूआत की पर इनके आउट होने के बाद टीम ढ़ह गयी।



## कोच बनने के लिए वॉटसन और डेरेन सैमी ने पीसीबी को कहा ना

कराची। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन और वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान डेरेन सैमी ने पाकिस्तान का मुख्य कोच बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। सैमी ने पीसीबी (पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड) को बताया कि वह पहले से ही वेस्टइंडीज बोर्ड के साथ सीमित ओवरों की टीम के मुख्य कोच के रूप में अनुबंधित हैं। वॉटसन इस बात से नाराज हो गए कि उनके प्रस्तावित पैकेज के विवरण का खुलासा पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया पर हो गया। वह पीसीबी के प्रस्ताव को ठुकराने के बाद स्वदेश लौट गए।

एक सूत्र ने बताया कि पीसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों ने पीएसएल मैचों के दौरान कराची में वॉटसन के साथ विस्तृत बातचीत की थी और उन्हें मुख्य कोच पद की पेशकश की थी। उन्होंने बताया, 'वॉटसन ने शुरू में दिलचस्पी दिखाई थी और प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए कुछ वित्तीय और अन्य शर्तें रखी थीं। बोर्ड ने वॉटसन की वित्तीय मांगों को कमोबेश स्वीकार करने के बाद यह पूर्व खिलाड़ी इस बात से खुश नहीं था कि उसके प्रस्तावित पैकेज का विवरण पाकिस्तान मीडिया और सोशल मीडिया में लीक हो गया।

वॉटसन ने इसके बाद विनम्रतापूर्वक प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा कि आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) और मेजर क्रिकेट लीग (अमेरिका) में कमेंटेटर के रूप में उनकी पूर्व प्रतिबद्धताएं हैं।

## माइकल वॉन की भविष्यवाणी...2024 आरसीबी के लिए दोहरे जश्न का साल हो सकता

नई दिल्ली। आरसीबी की लड़कियों ने साल 2024 को अपने नाम कर लिया है, इसके बाद अब बारी है आरसीबी पुरुष टीम की है। डब्ल्यूपीएल फाइनल में आरसीबी ने दिल्ली को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। इस शानदार जीत के बाद, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि फ्रेंचाइजी के लिए 2024 दोहरे जश्न का साल हो सकता है।



यह महिला प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन था, इसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने नाम कर नया इतिहास रचा। जो काम विराट कोहली एंड कंपनी, आरसीबी के लिए पिछले 16 साल में नहीं कर सकी, उस इन लड़कियों ने डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में कर दिया। फाइनल में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। फिर ओपनरों ने पावरप्ले में धमाकेदार शुरुआत भी दिलाई। ऐसा लगा कि दिल्ली स्कोरबोर्ड पर एक बड़ा टारगेट सेट करेगी। दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने सिर्फ 6 ओवरों में ही टीम को 61 रनों तक पहुंचा दिया था, लेकिन फिर दिल्ली की पारी लड़खड़ा गई और इसके बाद पूरी टीम 18.3 ओवरों में 113 रनों पर ही सिमट गई।

दिल्ली के लिए शेफाली वर्मा ने 27 गेंदों पर 44 रनों की पारी खेली। जबकि कप्तान मेग लेनिंग ने 23 रन बनाए। आरसीबी के लिए श्रेयंका पाटिल ने 4, सोफी मोलिनेक्स ने 3 और आशा शोभना ने 2 विकेट लिए। जवाब में आरसीबी को डिवाइन (32) और स्मृति मंधाना (31) ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद पेरी ने नाबाद 35 रन की पारी खेली। 114 रनों के लक्ष्य को आरसीबी ने 2 विकेट खोकर 19.3 ओवर्स में हासिल कर लिया।

वॉन ने टीम को बधाई देकर आगामी आईपीएल 2024 सीजन से पहले अपनी दिलचस्प भविष्यवाणी साझा की। वॉन ने लिखा, शानदार टूर्नामेंट .. आरसीबी के लिए अच्छी जीत !! अब क्या पुरुष इस कामयाबी को दोहरा सकते हैं!!! यह हो सकता है। फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली पुरुष टीम 22 मार्च को चेन्नई में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी।

## कुंबले ने किया अश्विन की जमकर तारीफ

चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर आर अश्विन के 500 अंतरराष्ट्रीय विकेट पूरे करने पर भारतीय टीम के पूर्व स्पिन गेंदबाज अनिल कुंबले ने उनकी जमकर प्रशंसा की है। कुंबले ने कहा कि पिछले एक दशक में इस गेंदबाज के सामने कई चुनौतियां आई पर वह लगातार सीखने के जुनून और इच्छाशक्ति के कारण इस गेंदबाज ने सफल पाया हैं। भारत की तरफ से सबसे तेज 500 विकेट पूरे करने के बाद वर्तमान में अश्विन के नाम टेस्ट में 516 विकेट है। अश्विन इस वक्त भारत के लिए कुंबले (619) के बाद दूसरे सबसे अधिक टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। भारत के पूर्व लेग स्पिनर कुंबले ने कहा कि वे इससे बिल्कुल भी आश्चर्यचकित नहीं हैं।



तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा अश्विन को 100 टेस्ट और 500 विकेट पूरे करने पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया था, कुंबले ने इस समारोह में कहा, "अश्विन के सामने कई चुनौतियां आई हैं, पर उन्होंने किसी भी चुनौती को अपनी प्रगति में रोड़ा बनने का मौका नहीं दिया। वह एक दशक से अधिक समय से देश के लिए एक असाधारण मैच विजेता रहा है, और उसने जो निरंतरता दिखाई है, वह शानदार है. इस तरह की सफलता के लिए अपने उद्देश्य के प्रति पूर्ण समर्पण की आवश्यकता है।"कुंबले ने आगे कहा कि अश्विन भारतीय प्रशंसकों द्वारा उनसे की गई भारी उम्मीदों से निपटने में सक्षम हैं। कुंबले ने खेल के बारे में विशेषकर प्रतिद्वंद्वी के खेल के बारे में अश्विन की परख की प्रशंसा की। कुंबले ने आगे कहा कि 'जब मैं भारतीय टीम का कोच था तब हमने एक साल तक एक साथ काम किया था। अश्विन पूरी तैयारी के साथ मैदान पर उतरते है। जिन खिलाड़ियों के खिलाफ उनका मुकाबला था उनके बारे में वह पूरी जानकारी रखते थे।"

## विश्व कप के पूरे मैंच नहीं खेल पाने का बोझ दिल में हमेशा रहेगा- पांड्या

मुंबई। हरफनमौला हार्दिक पांड्या ने पिछले साल विश्व कप के मैचों के लिए फिटनेस हासिल करने की बेताबी में कई इंजेक्शन लेने और अपने टखने से खून के थक्के हटाने जैसे मुश्किल उपायों का सहारा लिया लेकिन इससे चोट और बढ़ गई और पाड़या को वनडे विश्व कप से बाहर बैठना पड़ा। उन्होंने कहा, 'मैंने अपनी एड़ी पर तीन अलग-अलग जगहों पर इंजेक्शन लगवाए और सूजन के कारण मुझे अपने टखने से खून निकलवाना पड़ा। मैं (विश्व कप के शेष मैच खेलने पर) हार नहीं मानना चाहता था। टीम के लिए मैं हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं। अगर एक प्रतिशत भी टीम में वापसी की संभावना हो, तब मैं अपनी ओर से पूरा प्रयास करता हूं।



पांड्या ने कहा कि उन्हें पता था कि कड़ी मेहनत करने से विपरीत परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने घरेलू सरजमीं पर हुए विश्व कप के दौरान टीम में वापसी के लिए यह जोखिम उठाया। उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि (अगर) मैं खुद को चोट से उबरने के लिए ज्यादा प्रयास करूंगा तब मैं लंबे समय तक के लिए चोटिल हो सकता हूं। लेकिन जब मैं अपनी ओर से पुरजोर कोशिश कर रहा था तब यह चोट फिर से उबर गई और यह ऐसी चोट में तब्दील हुई जिससे उबरने में तीन महीने का समय लगता। मैं चलने में सक्षम नहीं था लेकिन मैं उस समय दौड़ने की कोशिश कर रहा था। पाड़या को पांच दिनों में टीम में वापसी का भरोसा था लेकिन ऐसा संभव नहीं हुआ। उन्होंने कहा, जब मैं (चोट के बाद मैदान से बाहर) आया, तब मैंने टीम को सूचित किया कि मैं पांच दिनों में वापस आऊंगा। मैंने 10 दिनों तक वापसी की कोशिश की, वापसी करने और टीम में फिर से शामिल होने के लिए दर्द निवारक दवाएं लीं।

पांड्या ने कहा कि विश्व कप में पूरी तरह से नहीं खेल पाने का बोझ हमेशा उनके दिल पर रहेगा। उन्होंने कहा, मेरे लिए सबसे बड़ा गर्व देश के लिए खेलना है। मैं हर हालत में घरेलू मैदान पर विश्व कप खेलना चाहता था। इसलिए, मैं उनके (टीम) के लिए वहां रहना चाहता था। पांड्या ने 2022 में अपनी कप्तानी में गुजरात टाइटंस को आईपीएल खिताब दिलाया था। अब उनके पास एक और बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें आईपीएल 2024 में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करना है।

अपनी पुरानी टीम से जुड़ने पर उन्होंने कहा, 'बड़ौदा में एक युवा लड़के के रूप में मेरी यात्रा से लेकर मुंबई तक, इस शहर ने मुझे आगे बढ़ना सिखाया है, मुझमें विनम्रता और जुझारूपन पैदा किया है। मुझे इस तरह का क्रिकेटर बनाने में इस शहर का काफी अहम योगदान है।

## टी20 विश्व कप में कोहली को जगह नहीं मिलेगी...ऐसी अफवाहें कौन फैला रहा

नई दिल्ली। टीम इंडिया के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली भारत के सबसे इंपोर्टेंट खिलाड़ी में से एक हैं। भारत को वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में पहुंचाने में कोहली का बहुत बड़ा हाथ था। लेकिन कुछ दिन पहले विराट को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने यह आई थी कि कोहली को टी20 विश्व कप 2024 में जगह नहीं मिलेगी। रोहित शर्मा ने कहा है कि हमें विराट कोहली किसी भी कीमत पर चाहिए।

पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने कहा, जय शाहज वह चयनकर्ता नहीं हैं। उन्हें अजीत अगरकर को जिम्मेदारी क्यों देनी चाहिए कि वे अन्य चयनकर्ताओं से बात करें और उन्हें समझाएं कि विराट कोहली को टी20 टीम में जगह नहीं मिल रही है। सूत्रों की मानें तब अगरकर ने खुद को और न ही दूसरे चयनकर्ताओं को मना पाए हैं।

## पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाना चाहते हैं अराइजीत

नई दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर और स्ट्राइकर अराइजीत सिंह हुंडल पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय हॉकी टीम में जगह बनाना चाहते हैं। उनके दादा और पिता भी हॉकी खिलाड़ी थे पर राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाये थे। अब अराइजीत इस सपने को पूरा करना चाहते हैं। अराइजीत ने कहा, 'अगर मैं पेरिस ओलंपिक टीम में जगह बना पाता हूं तो हमारे घर पर जश्न का माहौल रहेगा। सबके चेहरे पर ऐसी खुशी होगी जो मैंने भी कभी नहीं देखी होगी। मैं भी वैसी खुशी देखना चाहता हूं और टीम में जगह के लिए पूरी ताकत लगा दूंगा।




अराइजीत अभी ओलंपिक तैयारियों के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले भुवनेश्वर में जारी राष्ट्रीय शिविर में अभ्यास कर रहे हैं। इस खिलाड़ी ने इस साल दक्षिण अफ्रीका दौरे से सीनियर टीम में पदार्पण किया था। 20 साल के इस खिलाड़ी ने दिसंबर में कुआलालम्पुर में खेले गए जूनियर विश्व कप में कोरिया के खिलाफ एक हैट्रिक सहित भारत की ओर से सबसे अधिक चार गोल किए थे। उन्होंने कहा, 'मेरे परिवार का सपना है कि मैं ओलंपिक खेलूं। दादाजी हॉकी खेलते थे। पापा के तीन भाई थे और सभी राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेले हैं। सभी को हॉकी के आधार पर ही नौकरी मिली पर भारतीय टीम में कोई जगह नहीं बना सका। उन्होंने कहा, 'मेरे पापा 1999 में राष्ट्रीय शिविर में थे लेकिन पारिवारिक कारणों से उन्हें बीच में शिविर छोड़कर जाना पड़ा। अंत में अब मैं ही रह गया हूं क्योंकि मेरे अलावा अब परिवार में कोई नहीं खेलता पर मुझे भरोसा है कि मैं उनके सपने पूरे करूंगा। अराइजीत ने कहा कि सीनियर स्तर पर खेलना बिल्कुल अलग होता है। मैंने तीन चार साल जूनियर हॉकी खेली और दो विश्व कप भी खेल चुका हूं। पिछले विश्व कप में मेरे प्रदर्शन को देखकर ही सीनियर टीम में जगह मिली है।

## माल्या, कोहली, चहल, सहवाग ने आरसीबी महिला टीम को सराहा

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की महिला टीम के पहले डब्ल्यूपीएल खिताब जीतने पर खिलाड़ियों को बधाईयों का तांता लगा हुआ है। इस तारतम्य में कारोबारी और फ्रेंचाइजी के पूर्व मालिक विजय माल्या, आईपीएल पुरुष टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली, भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग सहित रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के कई प्रशंसकों ने आरसीबी महिला टीम को पहला डब्ल्यूपीएल खिताब जीतने के लिए बधाई दी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की महिला खिलाड़ियों ने नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर खिताब जीता, जिसके बारे में आरसीबी के अधिकांश समर्थकों का मानना है कि यह लंबे समय से बाकी था।

BANGALORE ROYAL CHALLENGERS

फ्रेंचाइजी टीम के पूर्व मालिक विजय माल्या ने कहा कि टीम ने लंबे समय से अपेक्षित खिताब जीता, माल्या ने अपने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, डब्ल्यूपीएल जीतने के लिए आरसीबी महिला टीम को हार्दिक बधाई। अगर आरसीबी पुरुष टीम आईपीएल जीतती है तो यह एक शानदार डबल होगा। शुभकामनाएं। वहीं कोहली और युजवेंद्र चहल ने खिताब विजेताओं को सुपरवुमेन और चैंपियंस कहा। कोहली ने एक वीडियो कॉल पर आरसीबी महिला कप्तान स्मृति मंधाना के साथ बातचीत की। उन्?होंने आरसीबी महिला खिलाड़ियों को सुपरवुमेन करार दिया, साथ ही हजारों फ्रेंचाइजी प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने मुश्किल हालात में दिखाए गए जज्बे के लिए आरसीबी टीम की प्रशंसा की। सहवाग ने लिखा, डब्ल्यूपीएल जीतने पर आरसीबी को बहुत-बहुत बधाई। कठिन परिस्थितियों में दिखाया गया शानदार जज्बा और योग्य विजेता। वहीं चहल ने एक्स पर कन्नड़ में एक पोस्ट डाला, जिसका अनुवाद इस प्रकार है = आनंद, परमानंद, परमानंद। हमारी आरसीबी टीम को बधाई! बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी आरसीबी टीम को खिताब जीतने पर बधाई दी! उन्होंने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि क ा ॅ न ग, ै च ु ल े श ा न स सटीएटी एडब्ल्यूपीएल सीजन 2!

## ईशान किशन ने मैदान गंदा करने वालों को सुनाई खरी-खरी

मुंबई। आईपीएल के इस सीजन में विवादों में घिरे क्रिकेटर ईशान किशन के पास शानदार प्रदर्शन करके खुद को फिर से साबित करने का एक सुनहरा मौका है। यह सीजन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा हैं। विवादों के चलते दुनिया की सबसे महंगी टी-20 लीग से पहले यह बल्लेबाज कुछ उखड़ा-उखड़ा सा नजर आ रहा है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस प्रैंचाइजी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से ईशान किशन का एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह स्वच्छता के महत्व पर जोर देते हुए प्रैक्टिस सेशन के दौरान पानी की बोतलें इधर-उधर न फेंकने का आग्रह कर रहे हैं।



मुंबई इंडियंस द्वारा शेयर किए गए वीडियो में ईशान किशन ने कहा, हर कोई अभ्यास के लिए आता है। लेकिन जहां भी वे जाते हैं, उन्हें हर जगह पानी की बोतलें नहीं फेंकनी चाहिए। कोशिश करें और अपने मैदान को साफ रखें। बस छोटी चीजें और आप हर चीज में सुधार करेंगे। छोटे बदलाव भी महत्वपूर्ण हैं, जो आपको करना चाहिए। इस वीडियो को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं और अपनें कमेंट्स और लाइक्स की लाइन लगा दी हैं।

गौरतलब है कि रणजी ट्रॉफी सहित राष्ट्रीय और घरेलू मुकाबले से बाहर रहना ईशान किशन को उस वक्त भारी पड़ा, जब बीसीसीआई ने अपने सैंट्रल कॉन्ट्रेक्ट से उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया। अब यह युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आईपीएल में शानदार कमबैक के साथ सिलेक्टर्स का ध्यान खिंचना चाहता हैं। पिछले सीजन में, मुंबई इंडियंस ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी, लेकिन गुजरात टाइटंस ने उसे हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था।

## राशिद ने बल्ले और गेंदबाजी से ढहाया कहर...आयरलैंड को 10 रनों से हराया

शारजाह। मोहम्मद नबी 59 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी और कप्तान राशिद खान के बल्ले और गेंद से हरफनमौल प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने दूसरे टी-20 मुकाबले में आयरलैंड को 10 रनों से हराया है। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत ठीक रही और एंडी बालबर्नी और पॉल स्टर्लिंग की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट 49 रन जोड़े। बालबर्नी ने टीम के लिए सर्वाधिक 44 गेंदों में 45 रनों की पारी खेली। गैरेथ डेलानी ने 18 गेंदों में 39 रन बनाए। कप्तान स्टर्लिंग ने 25 रन बनाए। लोकर्न टकर 10 रन बनाकर आउट हुए। 12वें ओवर में कर्टिस कैम्फर छह रन बनाकर आउट हुए।




आयरलैंड टीम निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन ही बना सकी और 10 रनों से मुकाबला हार गई। अफगानिस्तान की ओर से राशिद खान ने चार विकेट लिए। नांगेयालिया खरोटे को दो विकेट मिले। फजलहक और मोहम्मद नबी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके पहले अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छा नहीं रही और सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज दूसरे ओवर में तीन रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद इब्राहिम जदरान भी सस्ते में आउट हुए। एक समय अफगानिस्तान ने चार ओवर में 14 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे।

इसके बाद नबी ने सेदिकुल्लाह के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 79 रनों की साझेदारी हुई। सेदिकुल्ला अटल ने 32 गेंदों में 35 रन बनाए। वहीं नबी ने 38 गेंदों में छह चौके और तीन छक्कों की मदद से 59 रनों की पारी खेली। इस जीत में कप्तान राशिद ने अहम योगदान रहा उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 12 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 25 बनाए। अफगानिस्तान ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 152 रन बनाए।

## अपने आप को धोनी के कर्जदार मानते है अश्विन

चेन्नई । भारतीय टीम के स्टार स्पिन गेंदबाज आर अश्विन ने 17 साल पहले हुए एक वाक्या को याद करते हुए एमएस धोनी की खूब प्रशंसा की। अश्विन ने कहा कि वे अभी तक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2011 के फाइनल में महेंद्र सिंह धोनी द्वारा नयी गेंद सौंपकर दिखाए गए भरोसे को नहीं भूले हैं। जिसके कारण उनके करियर को नई दिशा मिली और इसके लिए वह खुद को पूर्व भारतीय कप्तान का कर्जदार मानते हैं। लीक से हटकर रणनीति बनाने में माहिर धोनी ने 2011 आईपीएल के फाइनल मैच में आर अश्विन को नई गेंद थमाई थी जिसका मान रखते हुए इस उभरते हुए ऑफ स्पिनर ने चौथी ही गेंद पर फॉर्म में चल रहे क्रिस गेल को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया था। चेन्नई सुपर किंग्स के लिए चेपक की वो जादुई रात अश्विन के लिए बस एक शुरुआत थी और तब से एक दशक के उतार चढ़ाव भरे सफर में उन्होंने 100 टेस्ट खेल लिए हैं और खेल के पारंपरिक प्रारूप में 516 विकेट झटक लिए हैं।




तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा 500 विकेट और 100 टेस्ट की दोहरी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए आयोजित एक सम्मान समारोह के दौरान अश्विन उस पल को नहीं भूले हैं जब धोनी ने उन पर भरोसा दिखाया था। इस कार्यक्रम में अश्विन ने भावुक होते हुए कहा, 'मैं आम तौर पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए शब्दों की तलाश नहीं करता। मैं यहां आकर सच में इस सम्मान के लिए आभारी हूं.' अपने पहले आईपीएल कप्तान धोनी को श्रेय देते हुए अश्विन ने कहा, '2008 में चेन्नई सुपर किंग्स के ड्रेसिंग रूम में मैं सभी महान खिलाड़ियों मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी से मिला। तब मैं कुछ भी नहीं था और मेरा उस टीम में खेलना जिसमें मुथैया मुरलीधरन थे.'

बकौल अश्विन, 'धोनी ने मुझे जो दिया, उसके लिए मैं जिंदगी भर उनका कर्जदार रहूंगा। उन्होंने मुझे नई गेंद से मौका दिया जबकि सामने क्रिस गेल थे और 17 साल बाद अनिल भाई इसी घटना के बारे में बात कर रहे हैं। चेन्नई की टीम ने 2008 में अश्विन को स्थानीय स्पिनर के तौर पर शामिल किया था।

## अश्विन की सफलता में बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष का महत्वपूर्ण योगदान - गावस्कर

चेन्नई। भारत के पूर्व स्टार खिलाड़ी सुनील गावस्कर और के श्रीकांत ने रविचंद्रन अश्विन को बहुत शानदार क्रिकेटर करार देकर कहा कि अपने आत्मविश्वास और बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के समर्थन के कारण अश्विन सफलता हासिल करने में सफल रहा। तमिलनाडु क्रिकेट संघ (टीएनसीए) ने अश्विन को 100 टेस्ट खेलने और 500 विकेट तक पहुंचने के लिए शनिवार को सम्मानित किया था। इस मौके पर श्रीकांत ने कहा, 'अगर अश्विन ने 100 टेस्ट खेले और 500 विकेट चटकाए हैं, तब इसके लिए एक ही व्यक्ति जिम्मेदार हैं और वहां यहां बतौर मुख्य अतिथि (एन श्रीनिवासन) बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, यह अश्विन के लिए शानदार उपलब्धि है। उनकी सफलता का मुख्य कारण उनका खुद पर भरोसा है। इस मौके पर महान क्रिकेटर गावस्कर ने भी अश्विन की प्रशंसा करते हुए उन्हें शानदार क्रिकेटर करार दिया। गावस्कर ने कहा, 'मैं अश्विन को 100 टेस्ट खेलने और 500 टेस्ट विकेट चटकाने की उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई देता हूं। उनका खेल के सभी प्रारूपों में करियर शानदार रहा है, विशेषकर टेस्ट में। उन्होंने कहा, 'भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं। हमें नहीं पता कि वह कब संन्यास लेगा, लेकिन वह बेहद शानदार क्रिकेटर रहे हैं।

# भारी वाहन बिगाड़ रहे शहर की यातायात व्यवस्था

## भारी वाहनों की आवाजाही से आए दिन जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। इन दिनों शहर की यातायात व्यवस्था दिन प्रतिदिन बिगड़ते ही जा रही है शहर में यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है, भले ही यातायात विभाग द्वारा यह कहा जा रहा हो कि वह शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं, किंतु इन दिनों शहर में जाम लगना और दो पहिया वाहन चालकों को बड़े वाहनों से लगने वाले जाम में फंसकर घंटो इंतजार करना पड़ रहा है, ताजा मामला इतवारी बाजार स्थित सब्जी बाजार का है जहां पर भारी वाहनों की आवाजाही से आए दिन जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है और आज भी भारी वाहनों से घंटो जाम लग रहा।**

आपको बता दे कि इन दिनों शहर की यातायात व्यवस्था सुधरने का नाम ही नहीं ले रही है जिस प्रकार से भारी वाहनों को शहर के अंदर मुख्य मार्ग और बाजार में प्रतिबंधित किया गया है, वह आज भी मुख्य बाजार में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं और इन भारी वाहनों के जाने की वजह से जाम जैसी स्थिति शहर में निर्मित हो रही है, जिससे दो पहिया चालकों को घंटो जाम में फंसे रहकर परेशान होना पड़ रहा है, भले ही यातायात विभाग द्वारा यह कहा जा रहा है कि वह शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए काम कर रहे हैं ,किंतु देखा जाए तो यातायात विभाग द्वारा शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए प्रयास नहीं किया जा रहा हैं ,जिसके कारण आज भारी वाहन शहर के अंदर प्रवेश कर रहे हैं और मुख्य मार्गों पर चौपहियां वाहन के खड़े होने से जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है जबकि यातायात विभाग द्वारा लगाए गए पुलिस पॉइंट भी इन चौपहियां वाहनों को मुख्य मार्ग में प्रवेश से नहीं रोकते हैं और इन वाहनों के शहर में आने से जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है ताजा मामला शहर के इतवारी बाजार का है जहां पर भारी वाहनों की आवाजाही और प्रवेश से जाम लग गया जिसकी वजह से यहां दो पहिया वाहन चालकों काफी देर परेशानी का सामना जाम की वजह से करना पड़ा।




### भारी वाहन के प्रवेश पर यातायात विभाग नहीं दे रहा ध्यान

देखा जाए तो गुजरी बाजार क्षेत्र में यातायात का काफी दबाव रहता है और यहां पर भारी वाहनों से यातायात का दबाव और अधिक बढ़ जाता है जिससे दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है किंतु यातायात विभाग द्वारा भारी वाहनों के प्रवेश पर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिस वजह से भारी वाहन गुजरी क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं और जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है , जबकि देखा जाए तो सड़कों पर वाहन खड़े होने की वजह से भी शहर में जाम जैसी स्थिति निर्मित होते रहती है, किंतु यातायात विभाग के द्वारा कार्रवाई नहीं होने की वजह से यह स्थिति आए दिन शहर में बन रही है।

### एक दिन पूर्व ही भटेरा में लगा था लंबा जाम

आपको बता दे कि शहर में जाम लगना आम बात सी हो गई है, भले ही यातायात विभाग द्वारा कहा जा रहा हो, कि शहर के प्रमुख चौक चौराहो पर यातायात विभाग के पुलिसकर्मी उपस्थित रहते हैं, किंतु देखा जाए तो इन दिनों शहर में कभी भी और कहीं भी जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है, अभी एक दिन पहले ही 17 मार्च को भटेरा चौकी स्थित रोड पर भारी वाहन की वजह से एक लंबा जाम लग गया था, जो घंटो तक लग रहा जहां पर दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा वही ,देर शाम को फिर सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा भटेरा रोड पर जाम लगने के फोटो वीडियो वायरल किए गए, जिसमें 18 मार्च को देर शाम फिर लंबा जाम लगा और लोगों को इस जाम से घंटो तक परेशान होना पड़ा, किंतु यातायात विभाग द्वारा लगातार हो रहे इस जाम पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### ट्रेन गुजरने के बाद जाम की स्थिति बनती है - आकाश शर्मा

यातायात थाना प्रभारी आकाश शर्मा द्वारा बताया गया कि भटेरा रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन गुजरने के बाद जाम की स्थिति बनती है किंतु वहां यातायात का अमला रहता है और जाम हटाने का प्रयास किया जाता है किंतु जो इतवारी बाजार के जाम की बात कर रहे हैं, वहां की उन्हें जानकारी नहीं है जबकि बताया जा रहा है कि वहां भारी वाहनों की वजह से जाम लगा है।

# फांसी पर लटका मिला राजाराम का शव


## नगर के वार्ड नंबर 4 शांति नगर का मामला, आत्महत्या की जताई जा रही आशंका



बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। कोतवाली पुलिस ने नगर के बैहर रोड वार्ड नंबर 4 शांति नगर में फांसी पर लटका एक व्यक्ति का शव उसी के घर से बरामद किया है।जिसके आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है।मृतक व्यक्ति का नाम शांति नगर, वार्ड नंबर 4 निवासी 50 वर्षीय राजाराम पिता मायाराम घोटीवार बताया गया है। जिसके शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। हालांकि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन चर्म रोग की बीमारी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की होगी ऐसी बात कहीं जा रही है। उधर कोतवाली पुलिस ने इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

### चर्म रोग से पीड़ित था राजाराम

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजाराम की एक बेटी है। जबकि राजाराम चर्म रोग से पीडति था। जो बीमारी से पीडति होने के चलते पिछले 6-7 वर्षों से घर पर ही रहता था। बताया जा रहा है कि राजाराम की पत्नी कांताबाई दूसरों के घरों पर झाड़ू पोछा का काम कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। जानकारी के अनुसार राजाराम शराब पीने का आदी था।जो आए दिनों शराब के नशे में घर पर रहता था।बताया जा रहा है कि रविवार की बीती रात राजाराम ने शराब का सेवन किया हुआ था। जहां रात में घर के सभी लोग खाना खाकर सो गए थे ।सोमवार की सुबह जब उसकी पत्नी कांताबाई घोटीवार सो कर उठी ,तो उसे उसके पति राजाराम का शव अंदर वाले कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ दिखाई दिया।जिसकी सूचना उन्होंने आसपास के लोगों को दी।जहां राजाराम जिंदा होगा यह सोचकर उन्होंने फांसी के फंदे से शव को नीचे उतार लिया और मामले की सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी। जहां मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां जाफौ 174 के तहत मर्ग कायम कर अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की गई।वहीं शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है।वही इस पूरे मामले की जांच कोतवाली पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।



# रतनजोत का फल खाने से पांच बच्चे बीमार

## भरवेली थाने के ग्राम भानपुर की घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम भानपुर में रतनजोत का नशीला फल खाने से पांच बच्चे बीमार हो गए । यह घटना 17 मार्च की शाम 5 बजे की है जब ये बच्चे अपने गांव समीप घिसरी नदी के टेकरा में खेलने के लिए गए थे। सभी बच्चों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 मार्च की शाम को ग्राम भानपुर के पांच बच्चे गांव से लगे घिसरी नदी के




टकरा में रोज की तरह खेलने के लिए चले गए थे। जिन्होंने खेलते खेलते टेकरा में लगे रतनजोत वृक्ष का नशीला फल खा लिया फल खाने के बाद शाम 5 बजे करीब सभी बच्चे खेलते हुए अपने घर पहुंचे और घर में उल्टी दस्त करने लग गए, बच्चे सुस्त हो गए। परिवार वालों द्वारा पूछने पर बच्चों ने घिसरी नदी के टेकरा में लगे रतन जोत के व्रक्ष का फल खाना बताया। तुरंत ही बच्चों को उनके परिवार वालों ने जिला अस्पताल लाये जिला अस्पताल में भर्ती सभी बच्चे जिनमे आदेश पिता महेश धवरे 12 वर्ष आदर्श पिता दुर्योधन नान्ने 13 वर्ष, पीयूष पिता नंदकिशोर डोंगरे 12 वर्ष आराधना डोंगरे 5 वर्ष और निशांत पिता कमलेश खांडेकर 9वर्ष शामिल है ।जिनका त्वरित इलाज जिला अस्पताल में किया गया। सभी बच्चे अब खतरे से बाहर बताए गए हैं।

# फोर व्हीलर की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। जिला अस्पताल के सामने फोर व्हीलर ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। इस सड़क दुर्घटना में फोर व्हीलर की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों घायल युवक आयुष पिता विजय मेश्राम 17 वर्ष, योगेंद्र पिता श्याम भोंडे 21 वर्ष दोनों वार्ड नंबर 24 बालाघाट निवासी को जिला अस्पताल भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष मेश्राम पढ़ाई करता है। 17 मार्च की शाम आयुष मेश्राम और योगेंद्र भोंडे दोनों मोटरसाइकिल में जिला अस्पताल में भर्ती अपने किसी परिचित से मिलने के लिए आए थे और मिलने के बाद रात्रि 8-30 बजे दोनों मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे तभी जिला अस्पताल के गेट के सामने जैसे ही मोटरसाइकिल निकली। उसी समय वहा से तेज रफ्तार से जा रही। फोर व्हीलर ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। जिससे मोटरसाइकिल में सवार आयुष मेश्राम और योगेंद्र भोंडे दोनों घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

# बंजर नदी के रानीधार डैम में पिकनिक मनाने गए युवक की डेम में नहाते समय डूबने से मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज़)। मलाजखंड थाना अंतर्गत बंजर नदी के रानीधार डैम में अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए एक युवक की नहाते समय डैम में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक आशीष पिता रूपलाल पांडे 19 वर्ष ग्राम लांजी निवासी है। मलाजखंड पुलिस ने इस युवक की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशीष पांडे अपनी मां सुमन पांडे के साथ लांजी में रहता था जिसके पिता रूपलाल पांडे की 17 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। आशीष पांडे मजदूरी करने के लिए हैदराबाद जाता था। एक माह पहले आशीष का मामा विनोद अजीत ग्राम पोनी मलाजखंड निवासी लांजी आया था उसने अपनी बहन सुमन पांडे से बोला कि आशीष कमाने खाने हैदराबाद जाता है जो बहुत दूर है और विनोद अजीत ने अपने अपने भांजे आशीष पांडे को अपने घर पोनी मलाजखंड ला लिया था। विनोद अजीत ने अपने भांजे आशीष पांडे को मलाजखंड मायल में सापु जी कंपनी में काम पर लगा दिया था। 17 मार्च को आशीष पांडे की साप्ताहिक छुट्टी होने से वह अपने मामा विनोद अजीत अपने मामा के बेटे देवेंद्र अजीत के साथ पान दुकान में था। उसका मामा विनोद अजीत दुकान से राधा स्वामी सत्संग में चारटोला चला गया था। आशीष पांडे अपने मामा विनोद अजीत के सत्संग में जाने के बाद कंपनी में काम करने वाले पुरुषोत्तम परते अनिल सहारे भुनेश टांडिया पवन लोधी मंगल लोधी अजय घुपे के साथ पिकनिक मनाने रानीधार डेम गया था। 1 बजे करीब जब पिकनिक मनाने के दौरान आशीष अजीत डेम में नहाने के लिए उत्तरा और डेम में नहा रहा था ।तभी वह डैम के गहरे पानी में चल गया और डेम में डूब गया था। आशीष पांडे के बाहर नहीं निकलने पर उसके साथ आए कंपनी के काम करने वालों युवकों ने अपने स्तर पर आशीष पांडे को निकालने की कोशिश की किंतु आशीष पांडे को निकाल नहीं पाए। खबर मिलते ही मलाजखंड पुलिस मौके पर पहुंची। शाम 6-00 बजे स्थानीय मछुआरों द्वारा डेम में जाल डालकर आशीष पांडे को बाहर निकले जिसकी मौत हो चुकी थी। 18 मार्च को मलाजखंड थाने के प्रधान आरक्षक रामदयाल राहंगडाले ने मृतक आशीष पांडे की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए और आगे मर्ग कायम कर जांच शुरू की है ।







किराये से देना है

दो हॉल 2500 वर्गफीट


एक दुकान 200 वर्गफीट

संपर्क -डॉ.एस.एस.पिछोड़े

(दंत रोग विशेषज्ञ)

डॉक्टर्स कॉलोनी बूढ़ी, बालाघाट

मो. 9300098851




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट